


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 193

ग्वालियर, गुरूवार, 2 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### इंदौर जन समर्थन और जागरूकता से ही नंबर वन : मंत्री श्री सिलावट

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर शहर विगत 4 वर्षों से लगातार स्वच्छता में नंबर वन आ रहा है। यह सब संभव हो सका है क्योंकि इंदौर की जनता जागरूक भी है और अभियान को उसका पूर्ण समर्थन प्राप्त है। श्री सिलावट ने इंदौर में बुधवार प्रातः 7-00 बजे पलासिया चौराहे पर सफाई मित्रों के सम्मान में और इंदौर वासियों के स्वच्छता के प्रण को सैल्यूट करने सफाई अभियान में शामिल हुए। श्री सिलावट ने गोगा नवमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित की। उन्होंने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

### पांच लाख रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

**केंद्रपाड़ा (ए)।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लाख रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर जब्त की गई।पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस और आबकारी विभाग के एक संयुक्त दस्ते ने पट्टामुंडई इलाके में वाहन को रोका और 50 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ड्रग तस्कर को स्वापक औषधि और मन-प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस कानून) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है।

### पंज प्यारे बयान पर रावत ने मांगी माफी, प्रायश्चित के लिए गुरुद्वारे में लगाएंगे झाड़ू

**चंडीगढ़ (ए)।** पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने पंज प्यारे वाले बयान पर माफी मांगी है। दरअसल, हरीश रावत ने चंडीगढ़ पहुंचने के बाद पार्टी नेताओं से मुलाकात की थी और उनकी समस्याओं को सुना था। इसके बाद उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और चारों कार्यकारी अध्यक्षों को %पंज प्यारे% बताया था। हरीश रावत की इस टिप्पणी से विवाद पैदा हो गया और अकाली दल ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने की बात कही थी। विवाद बढ़ता देख रावत ने माफी मांग ली। पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि मैंने उस शब्द (पंज प्यारे) को एक सम्मानित व्यक्ति के संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया। फिर भी, अगर मेरे शब्दों से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं और अपने शब्दों को वापस लेता हूं।

### बिगड़ी सायरा बानो की तबीयत, आईसीयू में भर्ती

**मुंबई (ए)।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार के आखिरी दम तक साथ रहने वाली उनकी बेगम और अभिनेत्री सायरा बानो की सेहत बिगड़ गई है। उन्हें मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दिलीप साहब के इंतकाल के करीब दो महीने के बाद सायरा की तबीयत अचानक खराब हो गई। पिछले 3 दिनों से अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। जानकारी के मुताबिक, 3 दिन पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद सायरा बानो की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि अभी सायरा बानो की तबीयत स्थिर है, लेकिन उनका बीपी नॉर्मल नहीं हो रहा। ऑक्सीजन लेवल लो ही रहता है, जिसकी वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। डाक्टर्स सभी जरूरी टेस्ट कर रहे हैं। जिसके बाद ये पता लगाया जा सकेगा कि किस वजह से उन्हें परेशानी हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, दिलीप साहब के इंतकाल के बाद से सायरा बानो काफी गुमसुम सी रहने लगी हैं।उन्हें लगातार दिलीप साहब की याद सताती है और वहां परिवार से सदस्यों से उनके बारे में ही बातें करती रहती हैं।

### जब रातों रात करोड़पति बना मछुआरा

पालघर, (ईएमएस)। कहावत है कि ववभगवान जिसे देता है छप्?पर फाड़कर देता है% और ये कहावत चरितार्थ हुई है मुंबई से सटे पालघर जिले में एक मछुआरे पर. दरअसल महाराष्ट्र में मानसून के दौरान खतरे को देखते हुए पिछले काफी समय से मछली पकड़ने न जा पाने के कारण घर बैठे चंद्रकांत को जब फिर से मछली पकड़ने का मौका मिला तो उन्?होंने ऐसा जाल फेंका कि उनकी लॉटरी ही निकल आई. ,जी हाँ, उनके जाल में एक दो नहीं पूरी 157 घोल मछली आ गई जिन्?होंने चंद्रकांत को रातों-रात करोड़पति बना दिया. गौरतलब हो कि मुंबई समेत समूचे महाराष्ट्र में मानसून के दौरान खतरे को देखते हुए समुद्र में मछली पकड़ने की मनाही थी. रोक हटने के बाद 28 अगस्त की रात को चंद्रकांत तरे अपने 8 साथियों के साथ मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे. उस दौरान चंद्रकांत के फेंके जाल में एक-दो नहीं, बल्कि 157 घोल मछली फंस गई. इन मछलियों को चंद्रकांत तरे ने 1.33 करोड़ में बेचा, यानी एक मछली की कीमत करीब 85 हजार रुपए मिली.

# ग्वालियर-इन्दौर के बीच पहली सीधी उड़ान की हुई शुरुआत

## इन्दौर अनंत संभावनाओं का शहर है, हवाई सुविधा से मिलेगी शहर के विकास को गति : मुख्यमंत्री चौहान

## म.प्र. में व्यापार एवं पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसरों को मिलेगा बढ़ावा : केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

### इन्दौर-दुबई के मध्य फिर शुरू हुई फ्लाइट कनेक्टिविटी

**इन्दौर (ए)।** इन्दौर-ग्वालियर के बीच शुरू हो रही इंडिगो की पहली सीधी उड़ान और इन्दौर-दुबई के मध्य पुनः शुरू की जा रही फ्लाइट कनेक्टिविटी के अवसर पर आज इन्दौर एयरपोर्ट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल तौर पर भोपाल से ही सहभागिता की। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त), इन्दौर एयरपोर्ट से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, पूर्व आईडीए अध्यक्ष मधु वर्मा एवं अन्य क्षेत्रीय विधायकगण तथा ग्वालियर जिले से मंत्रीगण एवं विधायकगण, भारतीय विमान प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य विशिष्ट व्यक्तियों ने वर्चुअल तौर पर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने आज मध्यप्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू हवाई संपर्क को मजबूत करने वाली दो उड़ानों का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर इन्दौर-दुबई की फ्लाइट की पहली यात्री सुश्री रश्मि दीक्षित को मंत्री सिलावट एवं सांसद लालवानी ने बोर्डिंग पास प्रदान किया।

### इन्दौर को मिली हवाई सुविधा बनेगी विकास का इंजन : मुख्यमंत्री चौहान

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि ÷इन्दौर सदैव ही इतिहास रचता रहा है और इसी दिशा में इन्दौर गत दिवस वैक्सीनेशन में शत प्रतिशत नागरिकों को प्रथम डोज लगवा चुका है, जिसके लिए मैं इन्दौर के नागरिकों, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को शुभकामनाएं देता हूँ। ÷उन्होंने कहा कि इन्दौर अनंत संभावनाओं का शहर है और आज इन्दौर को फ्लाइट कनेक्टिविटी की जो सौगात



मिली है उससे प्रदेश एवं इन्दौर के विकास की संभावनाओं को नए पंख मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इन्दौर को मिली यह हवाई सुविधा केवल इन्दौर के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए विकास का इंजन बनेगी।

### इन्दौर हवाई मार्ग के द्वारा 13 शहरों से जुड़ा : मंत्री सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इन्दौर ऐतिहासिक नगरी है जिसने हमेशा ही देश को रास्ता दिखाया है। इन्दौर शहर पर हम सभी को गर्व है। इन्दौर कई दिशाओं में नंबर वन है फिर चाहे वो स्वच्छता हो, वाटर पल्स, स्मार्ट सिटी या फिर वैक्सिनेशन अभियान हो। इन्दौर के शत प्रतिशत नागरिकों को वैक्सिनेशन का प्रथम डोज लगने पर मैं जिले के नागरिकों को बधाई देता हूं। इन्दौर मध्यप्रदेश का गौरव है, जिसकी क्षमता सिर्फ प्रदेश या देश तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व पटल पर हमे इसकी क्षमता को उजागर करना है, जिसमे आज से शुरू हुई फ्लाइट कनेक्टिविटी हमारा पहला कदम है। उन्होंने कहा कि इन्दौर-ग्वालियर-दिल्ली मार्ग पर सीधी विमान सेवा की शुरुआत से प्रदेश में व्यापार एवं पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री सिंधिया ने कहा कि पिछले 53 दिनों में मध्य प्रदेश को 58 नई उड़ानें मिलीं और 314 नए विमानों की आवाजाही से राज्य में इनकी संख्या 424 से बढ़कर 738 हो गई है। इन्दौर पहले केवल 8 शहरों से जुड़ा था लेकिन अब वह 13 शहरों से जुड़ चुका है और इसी प्रकार ग्वालियर का वायु संपर्क भी 4 शहरों से बढ़कर 6 शहरों तक हो गया है।

### प्रदेश के विकास में हवाई सुविधाएं बनेंगी मील का पत्थर : मंत्री सिलावट

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में मिली ये सौगात मध्यप्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जायेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान और केंद्रीय मंत्री सिंधिया के मार्गदर्शन में स्थापित हुए इस नए कीर्तिमान के लिए उन्हें इन्दौर वासियों की ओर से आभार प्रकट किया। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया से निवेदन किया कि इन्दौर एयरपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत विस्तारीकरण किया जाए एवं इन्दौर से पुणे, अमृतसर और सूरत के लिए भी हवाई सुविधा शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर फ्लाइट कनेक्टिविटी से इन्दौर को व्यापारिक दृष्टिकोण से नया बल प्राप्त होगा एवं उद्योग के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार भी सृजित होंगे।

### इन्दौर को इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुविधा प्रदान कर आयात निर्यात को दे बढ़ावा : सांसद लालवानी

सांसद शंकर लालवानी ने इन्दौर की जनता की ओर से मुख्यमंत्री चौहान एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया को आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इन्दौर को आगे आने वाले समय में भी हवाई यात्राओं में और बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री चौहान से अनुरोध किया कि इन्दौर एयरपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर विस्तारीकरण कर आयात निर्यात को बढ़ावा देने में गति प्रदान करें।

## नवाचारों और तकनीक से संभव हुआ दो रूपये चौदह पैसे प्रति यूनिट का टैरिफ प्लांट

# प्रदेश की सौर ऊर्जा दर देश में न्यूनतम : मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सौर ऊर्जा की दर देश में न्यूनतम है। निरंतर जारी नवाचारों और तकनीक के बल पर प्रदेश में दो रूपये 14 पैसे प्रति यूनिट सौर ऊर्जा का टेरिफ प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में एशिया का सबसे बड़ा सौलर प्लांट नीमच में है। रीवा के आदर्श प्लांट से दिल्ली मेट्रो को सौर ऊर्जा दी जा रही है। अब ओंकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पार्क स्थापित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा से बिजली की कमी दूर करने, निवेश आकर्षित करने और पर्यावरण सरंक्षण के हर संभव प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आगर, शाजापुर और नीमच में 1500 मेगावाट की सौर परियोजनाओं के विकासकों को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किए। मिंटो हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में नवीन एवं



नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे उपस्थित थे।

**निवेशक राज्य के मित्र हैं- प्रदेश में उद्योगों के लिए है बेहतर वातावरण:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि ÷मैं अच्छे राज्य में आपका हृदय से स्वागत करता हूँ÷। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि निवेशक राज्य के मित्र हैं। प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण है। यहाँ दक्ष मानव संसाधन, राज्य सरकार की अच्छी टीम और एक टेबल पर त्वरित समाधान की सुविधा उपलब्ध है।

**आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए ग्रीन एनर्जी पर ध्यान देना जरूरी:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कार्बन उत्सर्जन गैसों को नियंत्रित करना जरूरी है। ताप विद्युत ग्रहों के लिए कोयला की पूर्ती जरूरी है, जिससे जंगलों पर संकट बढ़ता है। आने वाली पीढ़ी को यदि हमें प्रकृति को संरक्षित रूप से सौंपना है तो ग्रीन एनर्जी- क्लीन एनर्जी की ओर ध्यान देना होगा। सौर ऊर्जा- अक्षत ऊर्जा है जो कभी समाप्त नहीं होगी। मध्यप्रदेश में वर्ष के तीन सौ से अधिक दिनों तक सूर्य का निरंतर प्रकाश रहता है।

# काबुल एयरपोर्ट हुआ बंद तो सीमाओं पर जुटी अफगानों की भीड़


**नई दिल्ली (ए)।** अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद लाखों लोग हर हाल में देश छोड़कर भाग जाना चाहते हैं। तालिबान की क्रूरता से डरे हुए हजारों लोग ऐसा करने में सफल भी हो गए, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जो चाहकर भी निकल नहीं पाए हैं। काबुल में एयरपोर्ट बंद होने के बाद अब अफगानों की भीड़ सीमाओं पर बढ़ गई है। जान बचाने के लिए लोग बॉर्डर पार करके दूसरे पड़ोसी मुल्कों में दाखिल होने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद इस्लामिक चरमपंथी गुट बैंकों, अस्पतालों और सरकारी मशीनरी को चलाने की कोशिशों में जुट गया है। सोमवार को अमेरिकी सैनिकों के अंतिम विमान की उड़ान के साथ ही दशकों से युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में अमेरिका का 20



साल पुराना अभियान अधूरे नतीजों के साथ खत्म हो गया। काबुल में एयरपोर्ट बंद होने के बाद तालिबान से डरे हुए लोग सीमा पार करने की कोशिश में जुटे हैं। पाकिस्तान, ईरान और मध्य एशिया के देशों से सटे अफगानिस्तान की सभी सीमाएं स्थलीय हैं। पाकिस्तान में खाइबर पास के पूर्व में स्थित बॉर्डर क्रासिंग तोरखम में एक अधिकारी ने बताया, सीमा पर अफगानिस्तान साइड में बड़ी संख्या में लोग गेट खुलने का इंतजार कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अफगानिस्तान-ईरान के बीच इस्लाम काला बॉर्डर पोस्ट पर भी हजारों की तादात में लोग मौजूद हैं।







# पिछोर में लव जिहाद के आरोप में सड़कों पर उतरे हिंदूवादी संगठन, किया थाने का घेराव

**करैरा।**

पिछोर। जिले के पिछोर में घटित हुई लव जेहाद की घटना को लेकर लव जिहादियों पर कार्रवाई को लेकर ओर लव जिहादियों पर अंकुश लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर हिंदू जागरण मंच पिछोर जिला पिछोर सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पिछोर थाने पहुंचकर को ज्ञापन सौंपा। जहां आवेदन में कोचिंग संचालित के नाम हिन्दू लड़कियों से लवजिहाद में फंसाने का उल्लेख किया तथा बताया कि नगर में शब्बर खान द्वारा कोचिंग संचालित कर लड़कियों को लवजिहाद में फंसाया जा रहा है हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इसकी पुष्टि के लिए उन्होंने कोचिंग छात्राओं से जानकारी ली हिंदू छात्राओं ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि शब्बर खान अपनी कोचिंग में मुस्लिम लड़कों से बात कराता है और कोचिंग में उनसे मुलाकात कराता है।






जब इसकी सूचना हिंदूवादी संगठनों को लगी तो रोहित पारासर , धुव्र तिवारी , आकाश यादव और शरद भदौरिया कनकने मोहल्ले में बड़ी मस्जिद के पास से निकल रहै थे तभी आदिल काजी , इरफान काजी , छोटू काजी ओर सेफी पठान ने अपने अपने साथियों को बुलाकर एक राय होकर इनकी पिटाई कर दी और छतों से पत्थर फेंकने लगे जरा और गालियां भी दीं निकट भविष्य में देख लेने की बात कही फ़रियादी रोहित ने अपने साथियो के साथ जाकर इसकी रिपोर्ट रोहित को गंभीर चोट आई पिछोर में आंख का डॉक्टर नहीं होने कारण झांसी इलाज जारी इस सम्पूर्ण घटना की रिपोर्ट पिछोर थाने में दर्ज कराई ओर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की साथ ही बताया कि आवेदन पक्षियों से लगातार राजीनामा करने के लिए दवाब बनाया जा रहा है। इसके विरोध में आज हिन्दू जागरण मंच के वैनर तले करीब दो सैकड़ा से अधिक युवाओं ने हिन्दू जागरण मंच जिला अध्यक्ष विनय मिश्रा और थाना इकाई अध्यक्ष रूपेश रहौरा के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराते हुए पैदल मार्च करके पिछोर थाना पहुंचकर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के नाम ज्ञापन सौंपा। हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष साकेत पुरोहित ने बताया कि हमने गृहमंत्री से आरोपियों पर कछ्ड़ी कार्यवाही करने और छोटी छोटी धाराओं की जगह सही धाराएं बढ़ाने और हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस अवसर पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष कीर्ति सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, जिला महामंत्री अविनेश भार्गव, मीडिया प्रभारी निशीकांत दुवे, खनियाधाना इकाई से चन्द्रशेखर पुरोहित, अजय झां, उमेश नामदेव, भौती थाना इकाई अध्यक्ष शिवम गुप्ता, अनिल झां सहित अनेक संख्या में हिन्दू जागरण मंच के साथी उपस्थित रहे।

# आदिवासी युवक से जिला चिकित्सालय में पट्टी के नाम पर लिए 500 रूपए

## सहरिया क्रांति के हस्तक्षेप के बाद वापस किए, वार्ड बॉय निलंबित

**शिवपुरी।**

जिला अस्पताल का इस समय कोई धनी धोरी नजर नहीं आ रहा है, यहां पहुंचने वाले मरीजों के साथ खुलेआम लूट खसोट चल रही है। आज एक आदिवासी महिला से अस्पताल के कर्मचारी ने मल्हम पट्टी करने के ही 500 रुपए ऐंठ लिए, इस बात की जानकारी जब सहरिया क्रांति के संयोजक संजय बेचैन को लगी तो उन्होंने तत्काल अस्पताल पहुंचकर उक्त कर्मचारी से गरीब महिला के पैसे वापस दिलवाए। उक्त मामले में सिविल सर्जन ने कर्मचारी सुनील योगी को निलम्बित कर दिया है।जानकारी के अनुसार राजकुमार आदिवासी घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती था उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था, आज राजकुमार की ड्रैसिंग होने थी जिसके लिए अस्पताल के कर्मचारी सुनील योगी ने राजकुमार की मांग दक्खो बाई से पहले 360 रुपए की मांग की फिर उससे 500 रुपए ले लिए और पट्टी करने में न नुकुर करने लगा। आदिवासियों के द्वारा कई बार गुहार लगाने के बाद भी जब सुनील योगी ने पट्टी नहीं की तो आदिवासियों ने इस बात की जानकारी सहरिया क्रांति के संयोजक संजय बेचैन को दी। संजय बेचैन ने मौके पर पहुंचकर उक्त अस्पताल कर्मचारी को फटकार लगाई और तत्काल आदिवासियों के पैसे वापस करवाए। उक्त मामले की जानकारी जैसे ही सिविल सर्जन को लगी तो उन्होंने तत्काल इस कर्मचारी सुनील योगी को निलम्बित कर दिया है।



### अस्पताल में नहीं होती कोई सुनवाई

वहां मौजूद अधिकांश लोगों ने बताया कि अस्पताल में कोई सुनवाई नहीं हो रही, डॉक्टर अपने ड्यूटी रूम से बाहर निकलकर नहीं आते जो कर्मचारी वार्ड में और ट्रामा सेंटर में ड्यूटी देते हैं वे मरीजों से अभद्रता करते हैं एवं पैसों की मांग करते हैं इस कारण कई लोग परेशान हैं। यहां अस्पताल में मृत्यु उपरांत शवों को पीएम हाउस तक ले जाने के लिए भी लोगों को अपनी जेब से 300-300 रुपए देने पड़ रहे हैं। इसके बाद जब शव को घर ले जाते हैं तब दो से ढाई हजार का खर्चा एक्सस्ट्रा दिया जा रहा है।

# युवक की अर्धनग्न लाश मिली, हत्या की आशंका

**शिवपुरी।**

खबर शहर के देहात थाना क्षेत्र के फोरलाईन स्थिति सरपंच ढाबा के पास की है। जहां एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई युवक के शरीर पर चौट के निशान है। जिसके चलते माना जा रहा है कि युवक की कही और हत्या कर इस लाश को ककरवाया के पास पुल के नीचे फैंका गया है। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक लाश की शिनाक्त नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकीदार रामहेत पुत्र लालाराम परिहार निवासी ककरवाया ने पुलिस को सूचना दी कि सरपंच ढाबा के पास फोरलाइन के किनारे पुल के नीचे एक लाश पडी हुई है। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भिजवाया।बताया जा रहा है कि युवक की उम्र 25 से 30 साल के बीच है। जिसके शरीर पर एक चड्डा पहना हुआ है। अर्धनग्न लाश मिलने से पुलिस युवक की शिनाक्त के प्रयास में जुट गई है। माना जा रहा है कि उक्त युवक की कही बाहर हत्या करने के बाद आरोपीयों ने लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से यहां फैंक गए है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# साहब! अपने आप को अनमैरिड बता कर 4 साल से RAPE करता रहा, अब घर से निकाल दिया

**शिवपुरी।**

बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह को एक डबरा की महिला ने आवेदन देते हुए अपने ही मित्र और उसके परिवार पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के बाद कार्यवाही की बात कही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए बताया है कि वह डबरा की रहने बाली है। वह चार साल से वार्ड नंबर 13 पुरानी मंडी में रहने बाले टीटू खान के संपर्क में आई। जहां टीटू ने अपने आप को अविवाहित बताकर वहलाफुसला कर अपने साथ लिव इन में रखकर उसके साथ लगातार रेप करता रहा। वह लगातार आरोपी के साथ लिव इन में रह रही थी। इस लिवइन के बाद युवती उससे शादी की कहती तो वह हर बार टाल देता। इस दौरान उस उसके यहां बच्चा भी हो गया। अब टीटू खान और उसके घर बाले आए दिन उसके साथ मारपीट करते है। मां जिब्बो और पिता कमाल खान ने उसे घर से निकाल दिया। इस मामले की शिकायत पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से की। जहां पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के बाद कार्यवाही की बात कही।



# जिला स्तरीय टैलेन्ट सर्च चयन ट्रायल में 150 खिलाड़ी हुए शामिल





**शिवपुरी।**

खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेष में संचालित 18 खेल अकादमियों के लिये युवा व प्रतिभावान 12 से 18 वर्ष के युवा खिलाड़ियों के लिये टेलेन्ट सर्च चयन ट्रायल में बुधवार को विकासखण्ड शिवपुरी के लगभग 150 बालक/बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के.धौलपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड शिवपुरी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान 150 शहरी बालक/बालिका खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया। जिसमें आज क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, जूडो, मलखम्ब, योगा के खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 02 सितम्बर से 03 सितम्बर तक विकासखण्ड शिवपुरी के साथ-साथ अन्य विकासखण्ड के ऐसे बालक/बालिका खिलाड़ी जो ऑनलाईन पंजीयन कराने के पश्चात भी शामिल नहीं हुए वे भी 02 व 03 तारीख तक शामिल होकर अपना फिजिकल फिटनेस टेस्ट दे सकते है।


संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के.धौलपुरी ने शिवपुरी के ग्रामीण और शहरी प्रतिभावान खिलाड़ियों से अपील की है कि जिन खिलाड़ियों ने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया है वे तथा जो खिलाड़ी ऑनलाईन पंजीयन नहीं कर पाएं है वे खिलाड़ी ऑफलाईन भी सीधे आकर पंजीयन कराकर टेलेंन्ट सर्च कार्यक्रम में शामिल हो सकते है तथा अन्य विकासखण्डों से समय पर उपस्थित नहीं होने वाले खिलाड़ी भी उक्त दिनांकों में पंजीयन कराकर टेलेंट सर्च में भाग ले सकते है।

## 10 प्रतिशत से कम रही बच्चों की उपस्थित, विभाग ने किए प्रयास तेज

# अनलॉक हुए स्कूलों में रहता लॉकडाउन जैसा माहौल

**शिवपुरी।**

कोरोना के कारण लगभग 16 महिने बाद 6वीं क्लास से 12वीं क्लास तक स्कूल अनलॉक हुए हैं,लेकिन आज स्कूलों में सन्नाटा ही पसरा रहा,माहौल लॉकडाउन जैसा ही रहा। शिवपुरी शहर की बात करे तो आज शासकीय स्कूलो में 10 प्रतिशत से कम बच्चे ही स्कूल आए। शिक्षको का कहना था कि बच्चे आए लेकिन लौटा दिए गए,बच्चो को सहमति पत्र दिए गए हैं पैरेंटस की सहमति पत्र जब मिल जाऐगा उसके बाद ही बच्चो को प्रवेश दिया जाऐगा। मप्र सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल ने एक सप्ताह पूर्व ही 6वीं क्लास से 12वीं क्लास तक के स्कूल खोलने के आदेश 1 सितंबर से कर दिए थे। स्कूल खोलने की गाईड लाईन जारी की है। इसी गाइड लाइन के हिसाब से क्लास लगेंगी। एक क्लास में 20 बच्चो से अधिक बच्चो को नही बैठाया जा सकेगा,मास्क अनिवार्य हैं और बच्चो को सैनिटाईज कराकर ही कक्षा में प्रवेश मिलेगा। बच्चे अपनी पानी की बोतल अपने साथ ही लाऐगा। अगर स्कूल में टेबिल कुर्सी है तो एक टेबिल पर एक ही बच्चा बैठ सकता है,स्कूल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने के आदेश हुए हैं तो बच्चा एक दिन छोडकर स्कूल आऐगा। 1 सितंबर से स्कूल खुलने थे आज स्कूल भी खुले लेकिन बच्चे कम ही पहुंचे। शिवपुरी नगर के अधिकांश स्कूलो में बच्चे पहुंचे। वही जानकारी मिल रही हैं कि ग्रामीण क्षेत्रो में भी बच्चो की उपस्थित कम ही रही। वही ग्रामीण क्षेत्रो के ऐसे स्कूल है जो मैन रोड पर हैं उनके ताले भी नही खुलने की खबर आ रही है।



वही शिक्षा विभाग शिवपुरी ने स्कूलो में छात्र संख्या बढाने के लिए टीमो का गठन कर दिया हैं,ग्रामीण क्षेत्रो में यह टीम लगातार मॉनिटिरिंग करेंगी।

### यह स्थिती रही स्कूलो की

शामावि फतेहपुर = शहरी क्षेत्र के इस स्कूल में क्लास 6वीं, 7वीं और 8वीं के बच्चों को अलग-अलग क्लास में बिठाया गया था। हालांकि 6वीं से 8वीं तक इस स्कूल में 121 बच्चों ने एडमिशन लिया है। पहले दिन यहां पर सिर्फ 21 बच्चे की स्कूल में नजर आए। स्कूल-शामावि बड़ौदी = इस स्कूल में स्टाफ तो पूरा उपस्थित था, लेकिन स्कूल में दर्ज कक्षा 6 से 8 तक के 140 बच्चों में से सिर्फ 6 बच्चे ही स्कूल आए थे। ये बच्चे भी शिक्षकों के घर जाकर बुलाने के बाद। इन बच्चों में 6वीं की तो सिर्फ एक ही छात्रा थी।

*शामावि बड़ागांव = स्कूल का स्टाफ तो उपस्थित था, लेकिन बच्चा एक भी स्कूल नहीं आया था। इस स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक कुल 160 बच्चे दर्ज हैं। शिक्षक इन बच्चों को बुलाने भी गए, जिस पर अभिभावकों ने उन्हें आश्वासन तो दिया कि वे बच्चों को भेज रहे हैं, लेकिन भेज एक ने भी नहीं। माधव चौक स्कूल= यह स्कूली 8वीं क्लास तक हैं इसमें 184 बच्चे हैं और उपस्थिती रही 15 बच्चो की उपस्थिती रही। शामावि आर्दश नगर= इस स्कूल में 8वीं क्लास तक 150 बच्चे दर्ज हैं। और 9वीं क्लास से 12वीं क्लास तक 550 बच्चे दर्ज हैं आज इस स्कूल में 8वीं क्लास तक के 30 बच्चे एंव 9वीं से 12वीं 212 बच्चे स्कूल पहुंचे।*

## वन-टू-वन



### सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का त्वरित गति से हो प्रभावी निराकरण-कलेक्टर

शिवपुरी। समस्त अधिकारी सीएम हेल्पलाइन से संबंधित सभी शिकायतों का त्वरित गति से प्रभावी निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सी.एम.हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा, अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करें और यथासंभव एल-1 और एल-2 स्तर पर ही शिकायतों का समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन शिकायतों का निराकरण हो चुका है, फिर भी लंबित हैं, उन्हें क्लोज कराया जाए। सीएम हेल्पलाइन की सभी लंबित शिकायतों पर विभाग के मैदानी अमले से समन्वय कर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान समस्त अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली और निर्देश दिए कि शेष रह गए सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए। उन्होंने राहत राशि से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में समय सीमा पत्र, सीएम हेल्पलाइन, खाद्यान्न वितरण, आपदा प्रबंधन, कोविड वैक्सीनेशन, न्यायालय में लंबित प्रकरण, रोजगार, कृषि, राष्ट्रीय पोषण माह, खनिज, उद्योग, पेंशन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।




### बहू का आतंक,ससुर को भूखा रख करवाती है भाईयों से मारपीट

शिवपुरी। जगदीश राठौर पुत्र मथुरा राठौर निवासी बीज गोदाम के पास मनियर ने शिकायत में बताया उसकी बहू भावना राठौर आए दिन उसकी मारपीट करती है। बीते रोज उसने भाईयों को बुलाकर मारपीट करवा दी और कहा कि घर से निकल जाओ। जब घर से नहीं निकला तो मुझे खाने-पीने को नहीं दिया जा रहा है मारपीट के कारण मेरे पैर में फैक्चर हो गया। जब थाने में शिकायत की बात करता हूं तो बहू छेड़छाड़ का आरोप लगाने की धमकी देती है। मामले को लेकर वृद्ध ने एसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।



### आबकारी विभाग द्वारा चार प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध मदिरा की जप्त

शिवपुरी। अवैध मदिरा बिक्री के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी टीम द्वारा बुधवार को अवैध मदिरा विक्रेताओं, होटल और ढाबों के विरूद्ध विभिन्न वृत्तों में कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि बुधवार को वृत्त शिवपुरी प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज के द्वारा आदिवासी बस्तियों के पास अवैध मदिरा निर्माण की शिकायत पर कार्यवाही की गई। जिसमें ग्राम भडाबावड़ी, गंगोरा, बलारपुर आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 04 प्रकरण कायम किये गये। जिसमें कुल 1000 किलो गुड़ लहान मौके पर नष्ट कर 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपए है। यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक तीर्थराज भारद्वाज, मुख्य आरक्षक अखयराज यादव, आरक्षक काशीराम एवं सतीश जयंत की टीम द्वारा की गई।

वन-टू-वन



## संस्था प्रबन्धक डॉ विकाश कौरव का विदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

भिण्ड। शासकीय प्रथमिक स्वस्थ्य केंद्र मिहोना में पदस्थ चिकित्सक डॉ विकाश सिंह कौरव को पदोन्नत होने पर स्वस्थ्य केंद्र के परिवार की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से रौंन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अंकित चौधरी की उपस्थिति में विदाई समारोह कार्यक्रम मिहोना स्वस्थ्य केंद्र के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। विदाई समारोह में डॉ अंकित चौधरी ने डॉ कौरव के कार्यकाल पर प्रकाश डाला और बताया कि उनका कार्यकाल कोरोना काल में बहुत ही सराहनीय रहा श्री कौरव ने अपने कार्यकाल में विभाग को जितना समय दिया है वह काबिले तारीफ है। अपने कार्यकाल में कायाकल्प अवार्ड दिलाने में महती भूमिका रही। अब समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौ में अपनी सेवाओं का निर्वाहन करेंगे डॉ कौरव। इस दौरान समस्त स्टाफ ने उनके उज्वल भविष्य के लिए बंधाई दी।

## नशे में धुत्त आरक्षक ने मारी टक्कर मौके पर पहुंची पुलिस ने किया कार्यवाही करने से मना



भिण्ड। देहात थाना अंतर्गत आरक्षक देशराज गुर्जर ने नशे की हालत में बाइक चलाते हुए उदोतपुरा के पास एक बुजुर्ग में टक्कर मार दी। टक्कर में मुबारक खान पुत्र मुराद शाह उम्र 70 साल उदोतपूरा अटेर रोड बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने जब बाइक सवार आरक्षक को घेरा और थाने में सूचना दी। तो मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करने से ही मना कर दिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जानकारी के अनुसार उदोतपुरा रोड के पास शराब से धुत्त आरक्षक देशराज गुर्जर ने बुजुर्ग में घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को अपने साथी आरक्षक पर कार्यवाही नहीं की तो जमा भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया। जमा हुई भीड़ ने जब कारण पूछा तो आरक्षक ने कहा कि कि शराब पी हुई थी इसलिए हो गई गलती। बता दें कि शराब के नशे में धुत आरक्षक पहले से सस्पेंड चल रहा है। बावजूद इसके वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिससे बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया जिसे परिजनों व स्थानीय निवासियों के द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां पर बुजुर्ग का उपचार किया जा रहा है।



## एएसआई कमलेश कटारे हुए सेवानिवृत्त

भिण्ड। शहर कोतवाली भिण्ड में वर्षों से पदस्थ जिनकी सेवा का अधिकांश समय सिटी कोतवाली के एच.सी.एम और एएसआई के पद पर गुजरा। 62 वर्ष के आज होने पर उन्हें सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक आनन्द राय थे। समारोह में कई पुलिस निरीक्षक, सहायक निरीक्षक, प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक मौजूद थे। श्री राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री कटारे अपने कार्य पूर्ण करने में बहुत ही कुशल व्यक्ति हैं। उनके कार्यकाल में कोई भी शिकायत ऐसी नहीं आयी जिससे पुलिस प्रशासन को कोई दिक्कत पड़ी हो। सभी के साथ भाईचार एवं सौहाद्र व्यवहार होने के कारण वे काफी लोकप्रिय रहे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने कार्यकाल को सेवाकाल के रूप में व्यतीत कर एक आदर्श प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कई निरीक्षकों एवं सहायक निरीक्षकों ने भी संबोधन किया। उपनिरीक्षक श्री चौहान द्वारा श्री कटारे के लिए कविता बनाकर पढ़ी गई। जिसका सभी उपस्थित महानुभावों ने तालियों से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री कटारे को कई विभागीय कर्मचारियों ने उपहार भी दिए और सभी ने माल्यार्पण कर पुष्पमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने ये भी कहा कि कमलेश कटारे का कार्यकाल हमेशा कुशलता और बिना किसी लोभ लालच के कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकारों ने भी माल्यार्पण कर बधाई दी। साथ ही स्वरूचि भोज का आयोजन किया गया।

## डंपर ने कार में मारी टक्कर युवक घायल

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के हीरो होण्डा एजेंसी के सामने एक डंपर चालक ने लापरवाही से चलाकर कार में टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार डॉ. कपिल देव पुत्र शिवनारायण निवासी सिटी सेंटर ग्वालियर ने बताया बुधवार सुबह 9.40 बजे अपनी कार से क्षेत्र के हीरो होंडा एजेंसी के सामने भिण्ड ग्वालियर रोड मेहगांव होते हुए जा रहा था, इसी दौरान डंपर क्रमांक यूपी75 एटी1042 के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया।

# नव किशोर पर किया कुल्हाड़ी से वार, 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के माध्यम से शीघ्र ग्वालियर जय रोग

भिण्ड । मौ थाना अंतर्गत ग्राम गूहीसर की घटना प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार शाम 7:00 बजे की है विक्की पिता रघुवीर उम्र 16 साल जाति खटीक और निवासी ग्राम गुहीसर, अपने घर पर अपने बड़े भाई के जन्मदिन के कार्यक्रम में व्यस्त था कि तभी अचानक पड़ोस की रहने वाली एक महिला ने विक्की को किसी काम के लिए अपने बच्चे के द्वारा बुलवाया, विक्की बिना कुछ सोचे समझे उस बच्चे के साथ उस महिला के यहां गया तो वह महिला बोली के विक्की थोड़ा चलो वहां काम है पड़ोस में,विक्की बिना कुछ सोचे समझे उस महिला के साथ चल दिया गांव के बाहर निकलते ही विक्की ने महिला से पूछा कि चाची जी आप मुझे कहां ले कर जा रही हो लेकिन तब तक महिला ने विक्की को अपने प्रेमी के हाथों सौंप दिया , 15 16 साल के उम्र के लड़के को आरोपी जबरदस्ती मुंह पकड़ बांधकर गांव के बाहर झाड़ियों में ले गया वहां पर उसने



विक्की के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन-चार दिन पूर्व विकी ने स्वयं इस महिला को उस पुरुष के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था तभी से महिला ने यह बात किसी को ना बताने के लिए विक्की पर जो डालती रही लेकिन जब महिला ने सोचा कि विक्की कहीं किसी को पता ना दे इसलिए उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया, पास ही झाड़ियों में लैट्रिन कर रहे किसी व्यक्ति ने जब यह चीख-पुकार की आवाज सुनी, तो उसने तुरंत गांव वालों को इकट्ठा कर लिया गांव के लोग तुरंत दौड़कर जिधर से आवाज आ रही थी उधर की तरफ भागे हमलावर आरोपी ने जब गांव वालों को आता देखा तो वहां से भाग निकला, उधर विक्की के परिवार में किसी को इस घटना की जानकारी नहीं थी लेकिन जब विकी के पिता ने लोगों को भागते हुए जाते देखा तो पूछा भाई क्या बात है बोले किसी बच्चे को किसी आदमी ने कुल्हाड़ी से मारने की कोशिश की है तो विकी के पिता रघुवीर तुरंत भीड़ के साथ उस बच्चे को देखने के लिए चल दिए लेकिन जब उन्होंने वहां जाकर देखा कि यह तो स्वयं उनका लड़का विक्की है तो उससे जब पूछा कि आपको किसने हमला किया तब उसमें पूरी घटना की जानकारी दी कि पड़ोस की रहने वाली चाची मुझे लेकर आई और मुझे उक्त आरोपी के साथ सौंपकर चली गई जिसने मेरे ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया आनन-फानन में गांव के लोगों की मदद से विक्की को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने विक्की को 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के माध्यम से ग्वालियर भेजने के लिए फोन लगाया मौत थाना इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलट मुरारी लाल गोस्वामी और उनके साथी ईएमटी शैलेश थापक बिना समय गवाएं शीघ्र अस्पताल पहुंचे विक्की की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत जय रोग वाली अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका उपचार जारी है पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## भाजपा और महंगाई में चोली-दामन का साथ है : भारद्वाज

### चार महीने में सिलेंडर के दाम दो सौ रुपये से अधिक बड़े

**भिण्ड।** बढ़ती हुई मंहगाई को कांग्रेस ने आड़े हाँथो लेते हुए कांग्रेस प्रवक्ता डॉ.अनिल भारद्वाज ने कहा कि सौ दिन में महंगाई कम करने का वादा करने वाली मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी दिनोंदिन महंगाई बढ़ती जा रही है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं। जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। पिछले15 दिन में सिलेंडर पर 25 -25 कर 50 रुपये बड़े क्या यही अच्छे दिन है? कांग्रेस प्रवक्ता श्री भारद्वाज ने कहा कि केंद्र व राज्य में जब भी भाजपा की सरकार बनी है, तब-तब महंगाई अपने चरम स्तर पर पहुंची है। यह कहीं न कहीं सरकार का गरीब विरोधी चरित्र है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे महगाई और भाजपा सरकार का चोली दामन का साथ है जब जब भाजपा सत्ता में आती हैं तब तब देश की जनता को मंहगाई की मार झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण एक ओर जनता आर्थिक तंगी व बेरोजगारी से जूझ रही है। वहीं, दूसरी तरफ महंगाई की मार से लोग बेहाल हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने से खाद्य पदार्थों की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब की थाली से निवाला छीन रही है। महंगाई पर रोक लगाने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिसका जवाब जनता आने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में देगी।

# कलेक्टर ने यूपीएचसी बबेड़ी, भवानीपुरा टीकाकरण केन्द्र का किया निरीक्षण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने उप स्वास्थ्य केन्द्र बबेड़ी, भवानीपुरा टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर टीकाकरण की व्यवस्थाओं को देखा साथ ही आमजन से चर्चा कर टीकाकरण करवाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आम नागरिकों से अपील कर कहा कि सभी लोग अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पर जाकर टीका अवश्य लगवांए और जिन लोगों ने पहला टीका लगवा लिया है वे लोग दूसरा टीका नियत समय पर टीकाकरण केन्द्र पर आकर लगवाएं। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत कर्मी, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सभी सहयोग करें और शत-प्रतिशत लोगों को टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केन्द्र पर आने के लिए प्रेरित करें।

कोविड वैक्सिनेशन हेतु महत्वपूर्ण बिन्दु



1. कोविड वैक्सिनेशन हेतु हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन उनकी परिवार आईडी समग्र आईडी राशन कार्ड से भी करा सकते हैं। यदि वोटर कार्ड और आधार कार्ड किसी कारण उपलब्ध नही है।

2. जिले में सभी धात्री माता जिनके बच्चे दूध पीते हैं उनसे कोविड-19 वैक्सीनेशन कराने की अपील है।

3. जिले की सभी गर्भवती माता निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण करवाएं, यह पूर्णरूप से सुरक्षित है।

4. जिले के सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जो कोविड टीकाकरण से शेष है अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पहुँचकर टीकाकरण करायें। जिले भर में टीकाकरण सत्र नियमित आयोजित किए जा रहे है।

# पूर्व विधायक के छोटे भाई को मिली जान से मारने की धमकी



**भिण्ड।** लहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मथुरा प्रसाद महंत के छोटे भाई राजेश महंत को कुछ असामाजिक तत्वों ने धमकी दे दी है। मामला हरपुरा मौजे में महादेव मंदिर की जमीन को लेकर है। मंदिर के पुजारी द्वारा बोई गई फसल को असामाजिक तत्वों द्वारा नष्ट कर कब्जा करना चाहा। इस पर विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी गई है। असवार थाना पुलिस के मुताबिक हरपुरा महादेव मंदिर की करीब 17 हेक्टेयर जमीन है। यह जमीन के पुजारी पूर्व विधायक के भाई राजेश महंत है। इस जमीन पर क्षेत्र के कुछ दबंगों ने पूर्व में कब्जा करना शुरू कर दिया था। इस कब्जे को प्रशासन की मदद से मुक्त कराया गया। मंदिर के पुजारी राजेश महंत ने जमीन में तिली की फसल की बुबाई कराई थी। इस के बाद क्षेत्र के असामाजिक तत्वों द्वारा 28 अगस्त की सुबह तिली की फसल को ट्रैक्टर से जोत दिया गया। जब पुजारी राजेश महंत रोकने पहुंचे तो आरोपी लड़ाई झगड़े की नीयत से लाठी डंडे, कट्टे और बंदूक लेकर आ गए। फरियादी ने इस बात की सूचना असवार थाने में दी। असवार थाना पुलिस द्वारा फरियादी की शिकायत पर आरोपी जसवंत सिंह कुशवाह, करन चौहान, कुंअर सिंह कुशवाह, रामस्वरूप, गजेंद्र, अनूप परिहार, झगडू जाटव, महेंद्र सिंह ,योगेंद्र सिंह परिहार, संजू कुशवाह के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज कर ली गई है। फरियादी द्वारा पुलिस को बताया गया है कि आरोपी गण झूठा एससी-एसटी एक्ट में फंसाने साजिश रच रहे है जिससे जमीन पर कब्जा किया जा सके।



## कलेक्टर ने बाढ के समय रेस्क्यू द्वारा ग्रामीणों को बाहर निकालने वाली होमगार्ड टीम को किया सम्मानित

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले में बाढ़ के समय अपनी जान की बाजी लगाकर, बाढ़ में दिए गए सक्रिय सहयोग एवं प्री एक्सन के माध्यम से रेस्क्यू द्वारा ग्रामीणों को बाहर निकालने वाली होमगार्ड की प्लाटून कमांडेंट सुश्री पूजा परिहार एवं उनकी टीम को कलेक्टर चेम्बर में सम्मानित किया। इस अवसर संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि सेना वह नाम है, जो किसी भी नामुमकिन काम को मुमकिन कर देती है। चाहे देश की सीमा हो या देश के अंदर। सभी जगह वह आमजन की सुरक्षा का काम करती है। यह जज्बा सिर्फ सेना के पास होता है। परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों सेना ने हमेशा आगे आकर लोगों के लिए रक्षक का काम किया है।

# लोसपा ने भिण्ड में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान किया शुरू

### शहर में निरंतर 3 दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर, जारी रहेगा हस्ताक्षर अभियान

भिण्ड। प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर के द्वारा 28 अगस्त को प्रेसवार्ता के माध्यम से भिंड जिले में मेडिकल कॉलेज की मांग की गई थी जिसमें लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के द्वारा 1 सितंबर से भिण्ड नगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के हेतु हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का पहला चरण शुरू किया गया। जिस के अंतर्गत गोल मार्केट पर गांधी प्रतिमा के पास भिण्ड शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें काफी लोगों का समर्थन मिला जिनमें महिलाएं, पुरुष, नौजवान, युवा, छात्रों के द्वारा बढ़ चढ़कर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया गया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का संचालन




पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह यादव, प्रदेश महासचिव निसार कुरेशी, प्रवक्ता असगर खान, शिवकुमार त्यागी, राघवेंद्र सिंह नरवरिया, साहिल खान, आसिफ खान, हाकिम पठान आदि के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह यादव ने कहा कि भिण्ड जिला आजादी के 74 साल के बाद भी विकास के मामले में बहुत पीछे है। भिण्ड के राजनैतिति नेतृत्व ने कभी एकजुट होकर भिण्ड के विकास की समस्याओं को नहीं रखा पिछले दशक में म.प्र. में अनेक जिलों में राजनैतिक नेतृत्व के प्रयासों से या जनता के संघर्ष के दबाव से मेडीकल कॉलेजों की स्थापना हुई। जिनमें मुख्य रुप से विदिशा, दमोह, दतिया, शहडोल, छिंदवाड़ा आदि कितने जिले हैं जहां मेडीकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं परंतु भिण्ड अभी तक इस सुविधा से परे है। उन्होंने कहा कि दतिया से झांसी जहां मेडीकल कॉलेज है बमुश्किल 20-25 किलोमीटर है। विदिशा से भोपाल जो राजधानी है जहां यातायात के अनेकों साधन हैं भोपाल शहर में तीन-तीन मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद भी विदिशा में भी मेडिकल कॉलेज है जबकि विदिशा से भोपाल मात्र 60 किलोमीटर दूर है। जबकि भिण्ड से ग्वालियर 80 किलोमीटर है और अगर भिण्ड के दूरस्थ इलाकों से जोड़ें तो 150 किलोमीटर दूर है। इसके बावजूद भी शिण्ड में मेडीकल कॉलेज नहीं है। उन्होंने भिण्ड के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भाइयों हमें मेडीकल कॉलेज लेने के लिये मिलकर लड़ना होगा। आइये हम सब मिलकर संघर्ष करें, और अपना अधिकार प्राप्त करें। हस्ताक्षर अभियान का यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर अलग-अलग स्थानों पर निरंतर 3 दिन तक सुचारू रूप से जारी रहेगा।

### - साथी छात्रों के मिलने पर जताई खुशी

# स्कूल खुलने के बाद छात्रों के चेहरों पर दिखी खुशी

भिण्ड। डेढ़ साल के बाद सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में एक बार फिर से रौनक लौट आयी। जहां कई एक साल सात महीने के बाद स्कूल पहुंचे बच्चे खुश नजर आए, तो दूसरी तरफ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी काफी उत्साहित दिखाई दी। कोरोना के मामले कम होने के बाद गत् 1 सितंबर से स्कूल खुलने के बाद सुबह बच्चे स्कूल जाते हुए दिखे। बीते दिनों प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि छठी से बारहवीं तक के छात्रों के लिए एक सितंबर से स्कूल खोलने के निर्देश दिए थे। भिण्ड के इन स्कूलों में पहले दिन छात्रों में गजब का उत्साह दिखा। छात्र, अच्छी खासी संख्या में स्कूल पहुंचे। शिक्षकों द्वारा छात्रों के परेंट्स से संपर्क करके स्कूलों में भेजे जाने का आग्रह किया गया। वहीं कई छात्र स्वप्रेरणा से भी स्कूल आए। स्कूलों के अंदर 17 महीने बाद चहल पहल शुरू हुई। क्लास रूमों के ताले खोले गए। छात्रों ने डेस्क



बोर्ड और टेबल कुर्सी को साफ करके बैठे। छात्र नए सिलेबर्स के साथ स्कूल आए। हालांकि पहले दिन की क्लास स्कूलों में तैयारी में बीती। स्कूल प्रबंधन छात्रों क्लासें नियमित कराए जाने को लेकर तालमेल बैठाता रहा। स्कूल सुबह साढ़े दस बजे के बाद खुले और सबसे पहले राष्ट्रीय गान के साथ प्रार्थना का आयोजन किया गया।

### बाढ़ के पानी से 5500 छात्रों का रिकार्ड खराब

बाढ़ की चपेट में 76 स्कूलों (प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक) में करीब 55 सौ से अधिक छात्रों का रिकार्ड भी नष्ट हो गया है, जिसमें उनकी उपस्थिति रजिस्टर सहित रिजल्ट भी शामिल है, जिससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि स्कूल प्रमुखों ने इस संबंध विभाग को अवगत करा दिया है। लेकिन रिकार्ड खराब होने की वजह से इन छात्रों का भविष्य भी अधर में लट गया है।

### स्कूल आने के लिए यह तीन शर्तें अनिवार्य

स्कूल में कार्यरत सभी स्टाफ को कोरोना से सुरक्षा के लिए टीके का कम से कम एक डोज लगा होना अनिवार्य होगा।

स्कूल आने वाले छात्रों को पालकों की सहमति लाना होगी। साथ ही कक्षा में 50 फीसदी से ज्यादा की उपस्थिति नहीं होगी।

कोविड- 19 के प्रोटोकॉल (मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और सेनेटाइजेशन) का पूरा पालन करना होगा।

## दंदरौआ मंदिर व दूसरी बाइक बालाजी ट्रांसपोर्ट के सामने से हुई चोरी

भिण्ड। मालनपुर/मौ थाना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों ने दो बाइक पार कर दी, घटना के बाद फरियादी थाने पहुंचे और अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार माधव पुत्र विजयसिंह कुशवाह निवासी कुवंर बाबा का मंदिर गली नं.1 बार्ड क्र.29 महलगांव थाना यूनिवर्सिटी ग्वालियर की बाइक क्रमांक एमपी07 एनजी 2690 हीरो स्पलेंडर प्लस को अज्ञात चोर मालनपुर थाना क्षेत्र के बालाजी ट्रांसपोर्ट के बाहर से चोरी कर ले गये। इसी तरह दूसरी घटना मौ थाना क्षेत्र के दंदरुआ मंदिर के पीछे वाला गेट पर पवन पुत्र कैलाश नारायण निवासी मेला दुल्लपुर थाना थाटीपुर ग्वालियर अपनी बाइक क्रमांक एमपी07 एनके1379 एचएफ डीलक्स काले रंग की बाइक चोरी कर ले गये।

## अमेरिकी मिशन खत्म

अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी हो गई है। 30 अगस्त की रात काबुल एयरपोर्ट से आखिरी अमेरिकी विमानों ने उड़ान भर ली और इसी के साथ अफगानिस्तान में बीस साल पहले शुरू हुआ अमेरिका का युद्ध भी समाप्त हो गया। तालिबान के साथ हुए समझौते के तहत अमेरिका को 31 अगस्त से तक पूरी तरह अफगानिस्तान को छोड़ देना था। लेकिन अमेरिका चौबीस घंटे पहले ही अफगानिस्तान से निकल गया। जैसे ही अमेरिका के चार सैन्य परिवहन विमानों सी-17 ने काबुल एयरपोर्ट से उड़ान भरी, तालिबान के लड़ाकों ने जश्न में फायरिंग शुरू कर दी। काबुल एयरपोर्ट के पास रहने वाले लोगों को लगा कि शायद एयरपोर्ट पर एक और हमला हो गया है लेकिन जल्द ही तालिबान की तरफ से जारी किए गए संदेश से स्पष्ट हो गया कि ये जश्न में की गई गोलीबारी है। तालिबान समर्थकों ने ट्विटर पर लिखा- और अमेरिका चला गया, युद्ध समाप्त हुआ। अफगानिस्तान में अमेरिका के अभियान में कई सैनिकों ने जान गंवाई है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने एक फोटो शेयर की है। इसमें मेजर जनरल क्रिस डोनह्यू अफगानिस्तान के काबुल एयरपोर्ट पर अमेरिकी विमान पर चढ़ते दिखाई दे रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने लिखा है अफगानिस्तान से विदा होता आखिरी अमेरिकी सैनिक। आतंकवाद के खिलाफ 20 साल तक चली यह लड़ाई कई मुद्दों पर बहस का विषय है। पराए मुल्क में चला यह अभियान जितना जोखिम भरा था उतरा ही दिलचस्प भी। अमेरिका की अफगानिस्तान में लड़ाई ऐसी थी, जैसे अंधेरे में तीर चलाना। करोड़ों डॉलर का खर्च, कई हजार सैनिकों की जान गंवाने के बाद अब वह खौफनाक मंजर अमेरिका के लिए बीती बात हो गई है। अमेरिका के जाने के बाद अब अफगानिस्तान में फिर से तालिबान राज कायम हो गया है। काबुल में तालिबान की दस्तक देश के भविष्य का संकेत देने के लिए काफी है। अब जो हालात हैं उनसे साफ है कि अफगानिस्तान पहले के मुकाबले अब कहीं ज्यादा बड़े संकटों में घिर गया है। ज्यादा चिंता इसलिए भी है कि अब इस देश में गृहयुद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है। और अगर एक बार गृहयुद्ध भड़क उठा तो यह इस मुल्क के लिए हर तरह से बर्बादी वाला साबित होगा। गौरतलब है कि पिछले चार महीने में तालिबान ने देश के ज्यादातर हिस्सों पर कब्जा जमा लिया। उसकी ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हाल में केवल दो दिन में ही उसने छह प्रांतों को अपने नियंत्रण में ले लिया। तालिबान की ताकत के आगे अफगान सेना बिना किसी प्रतिरोध के हथियार डालती रही। यह इस बात का भी प्रमाण है कि सेना के नाम पर अफगानिस्तान के पास कुछ नहीं बचा रह गया। अमेरिका भले दावे करता रहा हो कि उसने लाखों अफगान सैनिकों को प्रशिक्षण दे दिया है और तालिबान से निपटने की सारी कलाएं सिखा दी हैं, लेकिन अगर ऐसा होता तो तालिबान लड़ाके इतनी आसानी से काबुल नहीं पहुंच जाते। ढाई दशक पहले तालिबान ने छापामार युद्ध और हिंसा से सत्ता हथियाई थी। पर इस बार उसने अलग रणनीति अपनाई। कूटनीति से काम लिया। उसने अफगान प्रशासन और सेना में पैठ बनाई। सरकारी सैन्य कमांडरों से लेकर सैनिकों तक को अपने साथ मिलाया। तालिबान ने कहा भी है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता चाहता है और लोगों की जानमाल की सुरक्षा उसकी प्राथमिकता है। ऐसे में अब तालिबान को सत्ता में आने से कौन रोक पाता! देखने की बात तो यह है कि आने वाले दिनों में काबुल की तस्वीर कैसी बनती है। पद छोड़ने के लिए राष्ट्रपति अशरफ गनी पर अमेरिका का भी दबाव था। अमेरिका की चिंता सिर्फ अपने दूतावास, कर्मचारियों और नागरिकों की है।

# खुलकर खेलो इंडिया

भारत में खेल स्पर्धाओं को लेकर कोई ठोस नीति नहीं है। खेलों पर राष्ट्रीय नीति घोषित करनी चाहिए। हालांकि %टोक्यो ओलंपिक% के बाद खेलों में देश की नयी छबि उभर कर सामने आयी है। भारत अब खेलना चाहता है और खूब खेलना चाहता है, लेकिन उसके लिए माहौल होना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर खेलों पर नीतिगत फैसले लेने चाहिए। खेलों के लिए बेहतर क्या किया जा सकता है इसके लिए केंद्र स्तर पर एक स्वतंत्र खेल आयोग का गठन होना चाहिए। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक है सुविधाएं चाहिए। किन-किन खेलों के लिए क्या बेहतर होना चाहिए उस पर विचार करना चाहिए।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए धन की कितनी आवश्यकता होगी। खिलाड़ियों को प्राथमिक स्तर पर कितनी बेहतर सुविधाएं मिल सकती हैं। ग्रामीण स्तर पर खेलों के मैदान की उपलब्धता क्या होनी चाहिए इस तरह की सुविधाओं का विकास देश में होना आवश्यक है। हमारे यहां खिलाड़ियों की कमी नहीं है, लेकिन नीतियों का भाव है। खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद देश उन पर खुले दिल से धन की वर्षा करता है, अगर यही सुविधाएं खिलाड़ियों को पहले से मुहैया करा दी जाएं तो भारत सिर्फ पदक तालिका में अपना मुकाम हासिल ही नहीं करेगा बल्कि ग्लोबल रैंकिंग पर अपना बेहतर प्रदर्शन करेगा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए उनसे सीधी बात कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया। लेकिन इस काम के लिए भी उन्हें आलोचना झेलनी पड़ी।

खेलों में %ग्लोबल रैंकिंग% की बात करें तो भारत की स्थिति आज भी बहुत बेहतर नहीं है। यह दीगर बात है कि टोक्यो ओलंपिक में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन हमें नीरज चोपड़ा से आगे भी निकलना होगा। ग्लोबल रैंकिंग में आज भी संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान जैसे देश बने हुए हैं। भारत से कई गुना छोटे मुल्क बेहतर प्रदर्शन करते हैं। टोक्यो ओलंपिक में ग्लोबल रैंकिंग में भारत का 48 वाँ स्थान है। हमें अमेरिका, चीन, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस की कतार में खड़ा होना होगा। यह तभी संभव होगा जब खेलों पर सरकार अच्छी नीति लेकर आएगी। जीत के बाद खिलाड़ियों पर खजाना लुटाने कि नीति से हमें बचना होगा।

देश के खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। सारा पैसा एक खिलाड़ी के व्यक्तिगत मद में चला जाता है। जिससे दूसरे खिलाड़ी जो बेहतर प्रदर्शन के बाद जीत हासिल नहीं कर पाते हैं उनमें निराशा हाथ लगती है। हम यह भी नहीं कहते हैं कि खिलाड़ियों का सम्मान नहीं होना चाहिए लेकिन प्रतिभाग करने वाले दूसरे खिलाड़ियों का भी मनोबल नहीं गिरना चाहिए। उनके लिए भी बेहतर सुविधाएं और खेलों का माहौल होना आवश्यक है। खेलों को हमें राष्ट्रीय नीति में शामिल करना होगा। हरियाणा जैसा राज्य देश में सबसे अधिक खिलाड़ियों को पैदा करता है। खेलों को लेकर हमें हरियाणा सरकार की नीतियों को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करना चाहिए। तभी हम खेलों का विकास कर सकते हैं।

टोक्यो ओलंपिक के बाद पैरालंपिक में भी सुखद खबर आयी है। पैरालंपिक में भी हमारी ग्लोबल रैंकिंग 35 वें स्थान पर है। अब तक हमारे खिलाड़ियों ने एक गोल्ड के साथ 7 मेडल जीता है। यहाँ भी चीन, अमेरिका और ब्रिटेन अपनी स्थिति को मजबूत किए हुए हैं। फिलहाल भारत का संघर्ष जारी है। देश की मीडिया और दूसरे क्षेत्रों में



पैरालंपिक को लेकर वह उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है जो ओलंपिक को लेकर रहा। ओलंपिक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जिस तरह देश जश्न मना रहा था वह स्थिति पैरालंपिक में नहीं दिख रही है। इसे हम अच्छा संकेत नहीं कर सकते हैं। जबकि हमारे लिहाज से यह गर्व का विषय है कि पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन किया है। हमें उम्मीद है कि ओलंपिक से कहीं अच्छा प्रदर्शन करके हमारे खिलाड़ी स्वदेश लौटेंगे। खिलाड़ियों की हौसलाआफजाई के लिए सरकार और दूसरी संस्थाओं को भी व्यक्तिगत रूप से आगे आना चाहिए।

टोक्यो ओलंपिक में भारत की अवनि लखेड़ा ने एयर राइफल स्टैंडिंग में स्वर्ण पदक जीता है। पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा देवेंद्र झाझरिया, योगेश कथुनिया और सुंदर सिंह ने रजत, ब्रांज मैडल जीत कर देश का मान बढ़ाया है। दूसरे खिलाड़ी भी इस जीत में शामिल हैं। लेकिन जिस तरह का जश्न नीरज चोपड़ा की जीत पर दिखा था वह जोश लखेड़ा की जीत पर नहीं दिख रहा है। जबकि यह उपलब्धि ओलम्पिक से कहीं अधिक बड़ी है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर लेखारा को बधाई दी है। मीडिया और देश को यह खाई पाटना होगा। हमें उन्हें सर आंखों पर बिठाना होगा। अवनी राजस्थान से आती हैं 12 साल की उम्र में वह पैरालिसिस की शिकार हो गई थी, लेकिन जिंदगी से उन्होंने हार नहीं मानी और टोक्यो पैरालंपिक में उन्होंने इतिहास रच दिया। भारत की इस बेटी पर हमें गर्व है।

टोक्यो पैरालंपिक में नौ इवेंट्स में भाग लेने के लिए 54 खिलाड़ियों का दल भेजा गया है। पैरालंपिक का आयोजन 5 सितंबर तक चलेगा। भारत में अभी तक 7 पदक जीते हैं आगे भी उम्मीद है कि पैरालंपिक खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पैरालंपिक के लिए 1972 में मुरलीकांत पेटकर ने भारत के लिए पहला पदक जीता था। भारत के ओलंपिक इतिहास पर नजर डालें तो अब तक 24 ओलंपिक खेलों में हम 35 पदक जीत चुके हैं। भारत खेलना चाहता है खेल में सबसे अधिक मौके ग्रामीण इलाकों में है। इस हालात में सरकार को खेलों पर एक ठोस नीति नीत बनानी चाहिए।

केंद्र सरकार को राज्य के सहयोग से ग्रामीण इलाकों में खेलों के मैदान का विकास, बेहतर सुविधाएं और वित्तीय व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए। अगर हमारी तैयारी जमीनी स्तर पर रहेगी तो निश्चित तौर पर भारत आने वाले दिनों में ग्लोबल रैंकिंग में चैंपियन बनकर आएगा। सरकार खेलों को बढ़ावा देती है तो भारत के युवाओं में असीमित ऊर्जा है। इस मिट्टी से हजारों ध्यानचंद, मिल्खा सिंह, नीरज चोपड़ा, अवनी लेखारा,पीटी उषा, मीराबाई चानू और पीवी सिंधु की फौज तैयार होगी। अब वक्त आ गया है जब खेलों पर सरकारों को विशेष ध्यान देना चाहिए। खेलों को स्कूली पाठ्यक्रमों में भी शामिल करना चाहिए। खेल शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहिए। उम्मीद है कि सरकार इस पर ठोस कदम उठाएगी।

## मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है। यदि सुलझे हुए विचारों के जीवन विद्या के ज्ञाता कोई संभ्रांत सज्जन उपलब्ध हो सकते हों तो उनका सत्संग भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

अधजल गगरी झलकत जाए....
(लेखक- ओमप्रकाश मेहता / ईएमएस)

कॉंग्रेस... खण्डहर में ईट खड़काने की जुगत.....?

कभी किसी ने यह कल्पना भी कि थी कि करीब छ्ः दशक तक देश पर राज करने वाली कॉंग्रेस सत्ता में हटने के मात्र सात साल बाद राजनीति के अस्पताल को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में नजर आएगी और पार्टी के तथाकथित सिपहसालार आपस में खण्डहर की ईट खड़खड़ाते नजर आएगें? किंतु आज की कांग्रेस की तस्वीर सबके सामने है, आज से पैतांलिस साल पहले इंदिरा गांधी द्वारा थोपी गई ईमरजेंसी (आपातकाल) के उन्नीस महीनों में कांग्रेस को मिलीह बद्दुआएं अब फलीभूत हो रही है और कांग्रेस खात्में के कगार पर नजर आ रही है, करीब डेढ़ सौ साल पुरानी कांग्रेस की इस दुर्गति के लिए और कोई नहीं सिर्फ और सिर्फ अकेली कांग्रेस ही है, कभी नेतृत्व निरंकुश रहा तो कभी इसके नेता, आज नेता निरंकुश है और नेतृत्व नासमझ और यही स्थिति मोदी जी की कांग्रेस को खत्म कर देने की दम्भोक्ति को साकार रूप प्रदान कर रही है, जबकि उनका यह उनकी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है।

आज केन्द्र में जहां भारतीय जनता पार्टी पूरे बहुमत के दमखम के साथ सत्ता में है, वहीं कांग्रेस देश के आधा दर्जन से भी कम राज्यों में जैसे-तैसे सरकार चला रही है... और इन राज्यों के मुखिया ही अब अपने आपकों आलाकमान मानकर वह सब कर रहे है, जो इस पार्टी में कभी नहीं हुआ। वर्तमान में कांग्रेस राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़ व एक दो छोटे राज्यों में सत्ता में है, किंतु इस दुर्गति के बावजूद इन राज्यों के मुखियाओं को सत्ता का अजीर्ण हो गया है, वे न सिर्फ अपने ही राज्य के नेताओं से सिरफुटौव्वल का खेल खेल रहे है बल्कि भविष्य के लिए अपनी ही कबर भी खोद रहे है। नेताओं के इसी रोग के कारण मध्यप्रदेश से सत्ता हाथों से फिसल गई और यहाँ भाजपा आ गई। अब लगभग यही स्थिति तीन प्रमुख राज्यों पंजाब, राजस्थान और



छत्तीसगढ़ में निर्मित हो रही है और पंजाब इनमें शीर्ष पर है, जहां कुछ ही महीनों बाद विधानसभा के चुनाव होना है, किंतु यहां के नेताओं को न तो अपने भविष्य की चिंता है और न पार्टी के भविष्य की? प्रदेशाध्यक्ष अपनी ही पार्टी के आलाकमान को खुलेआम धमकी दे रहे है कि उनकी बातें नहीं मानी गई तो वे पार्टी की ईट से ईट बजा देगें, यहां अध्यक्ष पद पर वे ही सिरफिरें सज्जन है जो क्रिकेट से लेकर राजनीति के मैदान तक दलबदल के कई छक्के मार चुके है, अब मुख्यमंत्री जी उनके निशाने पर है, आलाकमान की अक्षमता व अनुभव हीनता ने उनके और अधिक भाव बढ़ा दिए है, वहां अभी से कांग्रेस का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है।

जहाँ तक दूसरे प्रमुख राज्य राजस्थान का सवाल है, वह तो पहले से ही गुटबाजी के संक्रमण रोग से ग्रसित है, जहां पॉयलट अपने रूतबे का जहाज उड़ाना चाहते है, तो मुख्यमंत्री जी अपने तजुर्बे का रथ हांकना चाहते है, वहां भी पार्टी इन दोनों नेताओं के बीच बंटी है और आए दिन वहां का टकराव दिल्ली में दस्तक देता रहता है।

जहाँ तक तीसरे राज्य छत्तीसगढ़ का सवाल है, वह आकार में चाहे छोटा हो किंतु वहां के नेताओं के अरमान काफी विशाल है, कभी मध्यप्रदेश का अंग रहा छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सम्पदाओं के कारण चाहे मालामाल रहा हो किंतु वहां के नेताओं की स्वार्थपरक सोच के कारण आज भी काफी गरीब है। वैसे इस प्रदेश में कांग्रेस अतीत में काफी अच्छी हालत में रही, क्योंकि पं. रविशंकर शुक्ल व उनके पुत्र श्यामचरण व विद्याचरण शुक्ल कांग्रेस के सर्वमान्य नेता रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का रूतबा कायम किया, किंतु आज यह प्रदेश अपने नाम के अनुरूप 'छत्तीस' के आंकड़े से जूझ रहा है और नेताओं की आकांक्षाएं प्रदेश के विकास में अवरोध बनी हुई है।

वैसे यदि कांग्रेस की मौजूदा स्थिति का सही मूल्यांकन किया जाए और इसकी दुर्गति का ÷पोस्टमार्टम÷ किया जाए तो इस अवस्था

# अफगानिस्तान मैं सबसे अधिक परेशान हैं अल्लाह !

### सूडोकु नवताल- 5820

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5819 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

संसार में कोई अदृश्य शक्ति हैं जिससे हर व्यक्ति डरता हैं और वह ही सुख या दुःख में सहारा देता हैं .चाहे कोई कितना भी नास्तिक हो वह भी किसी न किसी को अपना इष्ट मानता हैं और उनके सामने जाकर शिर झुकाता हैं.कम्युनिस्ट किसी ईश्वर को नहीं मानते पर वे लेनिन ,मार्क्स कब्र पर जाकर इबादत या पुष्प माला पहनाते हैं .भारत वर्ष मैं अदृश्य शक्तियों की संख्याए करोड़ों में हैं .यहाँ सब नागरिक अपने अपने हिसाब से अपने इष्ट को याद करते हैं .

तैतीस करोड़ देवी देवता ,बुद्धों मैं 24 अवतार ,जैनों में 24 तीर्थकर ऐसे ही पारसियों मैं भी ,और कभी कभी मानव खोपड़ी कोई नए अवतार को स्थापित कर देते हैं जैसे संतोषी माता आदि आदि .इसी प्रकार हमारे यहाँ साधु संतों की कमी नहीं हैं .कोई न कोई संकट मैं साथ दे देता हैं जैसे आशाराम बापू ,राम रहीम आदि .

पर अभी देखा अफगानिस्तान मैं अफगानी हो या तालिबान सब अल्लाह पर बहुत भरोसा करते हैं .ऐसे मैं बहुत मुश्किल में होगा कोई भी .एक अनार और करोड़ों बीमार .जीतने वाला भी पुकार रहा हैं और हारने वाला भी उनको याद कर रहा हैं .इससे यह सिद्ध होता हैं की संसार में कोई किसी का उपकारी नहीं हैं सबको अपने अपने किये हुए कर्मो का फल भोगना होगा .वो अदृश्य शक्ति के पास कुछ नहीं रहता हैं



.हमारा भरम रहता हैं की हमें उसने लाभ या हानि हो रही हैं .सब अपने अपने किये हुए कर्मों के हिसाब से और पुण्य पाप के कारन सुख दुःख भोगता हैं .

हर जीव को अपने कर्मों का फल भोगना पड़ता हैं .वैसे हमारी मान्यता हैं की वह कुछ करता हैं पर वास्तव कोई किसी का उपकारी नहीं होता हैं .जिसको पीड़ा होती हैं उसी को कष्ट भोगना पड़ता हैं.मौत के समय आप शहर के शहर बुला लो पर मरने वाला मरेगा और कोई भी उसके जीवन को न बढ़ा या घटा सकता हैं .यदि ऐसा होता तब पहले और वर्तमान मैं कितने बड़े बड़े राजा महाराजा या रईस लोग कभी न मरते .इस कोरोना काल मैं हजारों लोगों को अकेले बिना परिवार के कर्मचारियों के द्वारा जलाना पड़ा या दफनाना पड़ा राजा राणा छत्र पति हाथिन के असवार ,

**मरना सबको एक दिन अपनी अपनी बार**

**दाम बिना निर्धन दुखी तृष्णा वश धनवान**

**कहीं न सुख संसार मैं जब जग छान**

जीतने वाला भी सुखी नहीं और हारने वाला भी सुखी नहीं .जीतने वाले को हरने का दुःख /भय /डर .पूरा चित्रण देखे दोनों पक्षों मैं भय व्याप्त हैं .दोनों डरे हुए हैं .मानसिक द्वन्द मैं जी रहे हैं .सब अनिश्चितता मैं जीरहे हैं .अहिंसा ,अनेकांतवाद और अपरिग्रह के बिना शांति पाना असंभव .जब तक एक दूसरे को आदर नहीं देंगे तब तक सामंजस्य का वातावरण नहीं बनेगा तब तक शांति नहीं होगी .सत्ता आती जाती हैं पर जो मर गए जिनका जो छिन गए उनका कोई भी प्रतिनिधत्व हैं .ऐसा राज्य जिसकी नीव हिंसा पर तिकी हैं उसका भविष्य अंधकारमय होगा निश्चित .अमन का पैगाम की जरुरत हैं जो उनसे कोसों दूर हैं .

**न होगा कभी राजपाट किसी का**

**यह आने जाने वाला क्रम हैं**

**स्वराज्य की जगह स्व - राज होगा**

**तभी आप शांति सुख से स्थायी रहेंगे**

**अन्यथा यह अस्थिर और अस्थायी दौलत हैं**

**कौन कितने दिन राज्य करेगा किस पर**


**जब सब मर जायेंगे तब कौन कहेगा किसको राजा .**

## देहाती संगीत और नृत्य की दुनिया में खास पहचान बनाई सपना चौधरी ने!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

सपना चौधरी को हरियाणा तक सीमित करना,उसके साथ न्याय नही होगा।वस्तुतः वह उत्तर गायिका और नृत्यांगना है,जिसने गांव देहात से अपनी पहचान शुरू कर महानगरो तक अपनी पहुंच बनाई।वह भारत की एक ऐसी हरियाणवी मूल की नृत्यांगना, गायिका और अभिनेत्री है जो युवा धड़कनो पर ही नही बल्कि हर उम्र के लोगो के दिलो पर राज कर रही है।सपना चौधरी वर्तमान में अपने नए हरियाणवी गीत से धमाल मचाए हुए हैं। उनके कई संगीत वीडियो रिलीज हो चुके हैं। सपना का गुर्शल शीर्षक से हाल ही में रिलीज़ हुआ इन दिनों चर्चाओं में है। अपने इस गाने गुर्शल में देसी क्वीन सपना चौधरी का बिल्कुल नया रूप देखने को मिल रहा है। सपना वीडियो में एक बुजुर्ग महिला का किरदार निभा रही हैं। गाने में मां-बेटी के प्यार को बहुत ही अलग ढंग से दर्शाया गया है। सपना चौधरी का गुर्शल अंदाज इससे पहले दर्शकों को देखने को नहीं मिला होगा।जो खूब वायरल हो रहा है।सपना चौधरी के इस हरियाणवी गाने गुर्शल ने रिलीज होने के बाद कुछ ही दिनो में 13 लाख से ज्यादा लोगो तक अपनी पहुंच बना ली है।गुर्शल गाने में सपना चौधरी के साथ संजीत सरोहा, आराध्या और सतपाल ने भी अच्छा काम किया है।इस गाने को घर्म जाखू ने अपनी सुरीली आवास से सजाया है। गाने के बोल संजीत सरोहा ने लिखे हैं, जबकि मोहन पंचल ने इसे कंपोज किया है।गुर्शल के निर्देशक जीत घनघास है।सपना चौधरी का यह संगीत वीडियो संगीत की दुनिया मे खास दस्तक दे रहा है।गीत संगीत की देहाती एवं अत्याधुनिक मल्लिका सपना चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत हरियाणा की एक ऑर्केस्ट्रा टीम में काम करके की थी।वह रागनी कलाकारों के साथ टीम का हिस्सा बनकर लोगो के दिलो दिमाग तक पहुंची।शुरुआत में सपना चौधरी हरियाणा और आस पास के राज्यों में रागिनी कार्यक्रमो तक सीमित रही।लेकिन बाद में उन्होंने स्टेज डांस करना शुरू किया और फिर फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। सपना चौधरी बिग बॉस 11 का भी हिस्सा बन चुकी हैं।साथ ही सपना बॉलीवुड में शानदार डेब्यू भी किया हैं।जो उनके अंदर के कलाकार का परिचायक है।गांव देहात की एक अल्हड़ लड़की के किरदार से फ़ैशन की दुनिया को मात देने वाली सपना के सपने इससे कही ज्यादा है।

# स्वस्तिकासनः स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है यह योगासन, जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



स्वस्तिकासन का अभ्यास करना काफी सरल है। अगर आपको कोई भी योगासन करते समय पद्मासन या फिर सिद्धासन की मुद्रा में बैठना कठिन लगता है तो आपके लिए स्वस्तिकासन की मुद्रा में बैठना फायदेमंद हो सकता है। बता दें कि रोजाना स्वस्तिकासन का अभ्यास करने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। आइए आज हम आपको इस योगासन से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बाते बताते हैं।

### स्वस्तिकासन करने का तरीका

सबसे पहले योगा मैट पर अपने पैरों को सामने की तरफ फैलाकर सीधे बैठें। अब अपने बाएं पैर को दाई जांघ पर रखें, फिर दाएं पैर को बाई जांघ पर रखें। अब दोनों हाथों को ध्यान मुद्रा में घुटनों पर रखें और अपनी दोनों आंखों को बंद करें। इस दौरान अपने शरीर को आरामदायक स्थिति में रखें। कुछ सेकेंड इसी स्थिति में रहने के बाद धीरे-धीरे आंखें खोलकर आसन को छोड़ दें।

### सावधानियां

**अभ्यास के दौरान जरूर बरतें ये सावधानियां:** जिन लोगों को घुटनों में दर्द या फिर कोई अन्य समस्या है, उन्हें इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। हर्निया, स्लिप डिस्क और माइग्रेन आदि समस्याओं से पीड़ित लोग भी इस आसन का अभ्यास न करें। अगर कूल्हों में किसी तरह की परेशानी या चोट है तो इस आसन का अभ्यास करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें। गर्भवती महिलाएं डॉक्टर की सलाह के बाद ही इस योगासन का अभ्यास करें।

### फायदे

**रोजाना स्वस्तिकासन का अभ्यास करने से मिलने वाले फायदे:** यह योगासन शरीर और दिमाग के बीच शांति और स्थिरता को उत्पन्न करने में सहायक है। यह आसन मानसिक एकाग्रता, सोचने और समझने की शक्ति को बढ़ाने में भी मददगार है। इस योगासन का अभ्यास तनाव और चिंता दूर कर सकता है। इस आसन से पेट के अंदरूनी अंगों पर सकारात्मक असर पड़ता है और पाचन शक्ति की कार्यक्षमता को बढ़ाने में भी मदद मिलती है। यह योगासन रीढ़ की हड्डी के लिए भी लाभदायक है।

### टिप्स

**अभ्यास से जुड़ी खास टिप्स:** किसी भी प्रकार के योगासन की तरह स्वस्तिकासन को जबरन नहीं करना चाहिए। जितनी क्षमता हो उतनी देर ही योग करें तो बेहतर होगा क्योंकि तभी आपको इसका पूरा फायदा मिल सकता है। इस आसन का अभ्यास किसी शांत जगह पर बैठकर करें ताकि आपका ध्यान पूरी तरह से इस पर केंद्रित हो सके। अगर आप इस आसन को करते समय अपने घुटने मोड़ने में असक्षम हों या आपके घुटनों में अचानक दर्द होने लगे तो यह आसन न करें।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से फिल्मों में कदम रख रहे इब्राहिम खान?



पिछले काफी समय से दर्शक सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम की पहली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं और अब दर्शकों का यह इंतजार खत्म होने वाला है। सैफ की बेटी सारा अली खान के बाद उनका बेटा इब्राहिम भी फिल्मी दुनिया में अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार है। सुनने में आ रहा है कि इब्राहिम, करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से जुड़ गए हैं। रिपोर्टों के मुताबिक इस फिल्म के जरिए सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। हालांकि, वह बतौर हीरो नहीं, बल्कि बतौर सहायक निर्देशक फिल्मी जगत में अपना करियर शुरू करने की तैयारी में हैं। सूत्रों की मानें तो फिलहाल इब्राहिम की बतौर हीरो डेब्यू करने की प्लानिंग नहीं है। वह फिल्म से सिर्फ इसलिए जुड़ना चाह रहे हैं, क्योंकि इब्राहिम पहले फिल्ममेकिंग अच्छी तरह सीखना चाहते हैं। पिछले दिनों सैफ ने कहा था, ऋतिक रोशन की तरह इब्राहिम को रुपहले पर्दे पर जबरदस्त एंट्री करनी चाहिए। जिस तरह से ऋतिक ने अपनी पहली फिल्म में धमाल मचाया था, वैसी ही शुरुआत इब्राहिम की होनी चाहिए। अभी इब्राहिम को बहुत कुछ सीखना है। सैफ ने कहा, इब्राहिम को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए और समय पर

# दीपिका और ऋतिक की फाइटर की रिलीज डेट जारी




फिल्म फाइटर काफी समय से चर्चा में है और हो भी क्यों ना, इसके जरिए दर्शकों को पर्दे पर पहली बार दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की जोड़ी जो दिखने वाली है। अब इस फिल्म की नई रिलीज डेट भी फाइनल हो गई है, जिसके बाद दर्शकों का इंतजार और बढ़ गया है। जाने-माने फिल्म समीक्षक और व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। यह फिल्म पहले 30 सितंबर, 2022 को पर्दे पर आने वाली थी, लेकिन अब इसके लिए लंबा इंतजार करना होगा। यह फिल्म 2022 नहीं, बल्कि 2023 में दर्शकों के बीच आएगी। तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह ऐलान किया। उन्होंने लिखा, दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म फाइटर 26 जनवरी, 2023 को रिलीज होगी। बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं और इसका निर्माण वायकॉम 18 स्टूडियो के बैनर तले किया जा रहा है। फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में ऋतिक का हाई वोल्टेज एक्शन होगा। वह एरियल स्टंट करते नजर आएंगे। ऋतिक अपने फिल्मी करियर में पहली बार पायलट की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। फिल्म में रोमांस, इमोशन और देशप्रेम सब एकसाथ देखने को मिलेगा। इस फिल्म का बजट 250 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जो हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज होगी। रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि फिल्म फाइटर की रिलीज से जुड़े डिजिटल, थिएटर और सैटेलाइट राइट्स वायकॉम 18 स्टूडियोज को मिल गए हैं। बताया जा रहा था कि सिद्धार्थ आनंद के मार्फिलक्स प्रोडक्शन हाउस के साथ वायकॉम की काफी महंगी डील हुई है। फिल्म के रिलीज राइट्स को लेकर निर्माता काफी समय से कई स्टूडियोज के साथ संपर्क में थे और आखिरकार यह बाजी वायकॉम 18 स्टूडियोज के हाथ लगी। ऋतिक, सिद्धार्थ आनंद की फिल्म वॉर 2 में भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वह फिल्म रामायण में रावण की भूमिका निभाने वाले हैं। ऋतिक सुपरहिट तमिल फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक का भी हिस्सा हैं। दीपिका द इंटर्न के हिंदी रीमेक और फिल्म 83 में नजर आएंगी।



# आपको कई जिंदगियों को देखने में मदद करता है अभिनय :वाणी कपूर

वाणी ने हिंदी सिनेमा में अपने सफर की शुरूआत साल 2013 में शुद्ध देसी रोमांस से की थी, जिसमें उन्होंने नेक्स्ट-डोर एक गर्ल का किरदार निभाया था। दो साल बाद, वाणी कपूर को बेफिक्रे में एक आत्मविश्वासी महिला और वॉर में निडर नैना की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। अभिनेत्री का कहना है कि अभिनय कई लोगों की जिंदगी जीने में मदद करता है। वाणी के लिए यह आठ साल का सफर रहा है, जो खुश, धन्य और आभारी महसूस करती हैं क्योंकि उन्हें अपनी नवीनतम रिलीज बेल बॉटम में रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार जैसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका



मिला है। वाणी ने कहा, जिस तरह के फिल्म निर्माता और सह-कलाकार वे सभी अभिनेता के रूप में अद्भुत और विश्वसनीय रहे हैं, उनकी फिल्मों और कहानियों की पसंद और अतीत में उन्होंने जिस तरह का काम किया है, वह मेरे लिए सीखने और निरीक्षण करने के लिए केवल इतना ही है। यहां तक कि अगर यह एक सचेत शिक्षा नहीं है, तो एक अचेतन स्तर पर बहुत कुछ है जो एक को शामिल करता है और देखता है और अपने आस-पास से चुनने की प्रवृत्ति रखता है।

शमशेरा और चंडीगढ़ करे आशिकी की रिलीज के लिए तैयार 32 वर्षीय अभिनेत्री ने अपने काम को अद्भुत करार दिया।

## अमर कौशिक की फिल्म चोर निकल के भागा में दिखेंगे सनी कौशल और यामी गौतम

2017 में फिल्ममेकर अमर कौशिक जॉन अब्राहम और राजकुमार राव के साथ मिलकर एक थ्रिलर फिल्म चोर निकल के भागा पर काम कर रहे थे। इस फिल्म से कौशिक निर्देशन में डेब्यू करने वाले थे। हालांकि, क्रिएटिव डिफ्रेंसेज के कारण जॉन के फिल्म से बाहर होने के बाद यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म चोर निकल के भागा में कौशिक सनी कौशल और यामी गौतम को शामिल कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ठंडे बस्ते में चली गई फिल्म चोर निकल के भागा को कौशिक सनी और यामी के साथ फिर से शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म में यामी और सनी मुख्य भूमिका निभाएंगे। बताया जा रहा है कि लीड भूमिका निभाने के लिए दोनों कलाकारों को चुन लिया गया है। सिराज अहमद ने इस फिल्म का लेखन किया है। आज के समय के अनुसार फिल्म की स्क्रिप्ट में थोड़ा बदलाव किया गया है। सिराज ने इससे पहले हाल में आई नेटफ्लिक्स की एंथोलॉजी सीरीज रे का लेखन किया था। इसमें अली फजल और श्वेता बसु प्रसाद नजर आई थीं। इस सीरीज का निर्देशन श्रीजीत मुखर्जी ने किया था। अब फिल्म चोर निकल के भागा को कौशिक निर्देशित नहीं करेंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान उन्होंने अजय सिंह को सौंपी है। बताया जा रहा है कि कोशिक इस फिल्म से क्रिएटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े रहेंगे। फिल्म के निर्देशक अजय को अमेजन प्राइम वीडियो की हॉरर कॉमेडी सीरीज शैतान हवेली से ख्याति मिली थी। यह सीरीज 2018 में रिलीज हुई थी। कौशिक ने इस थ्रिलर फिल्म के लिए मैडॉक फिल्म्स के अपने पसंदीदा निर्माता दिनेश विजान के साथ हाथ मिलाया है। यह थ्रिलर फिल्म हीरे की चोरी की घटना पर आधारित होगी। मेकर्स ने फिल्म के कास्ट को फाइनल कर लिया है।

# कपड़ों पर लग गए हैं सफेद गोंद के दाग तो अपनाएं ये तरीके, जल्द होंगे साफ



कपड़ों पर अगर गलती से भी सफेद गोंद जाए तो इसके दाग को साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। कई बार तो हर कोशिश बेकार हो जाती होगी और कपड़े को फेंकना ही पड़ता है। अगर आपके घर में बच्चे हैं तो आपको खासतौर पर इस परेशानी से दो-चार होना पड़ता है। हालांकि, अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज हम आपको कपड़ों से सफेद गोंद के दाग छुड़ाने के कुछ तरीके बताने जा रहे हैं।

### नेल पेंट रिमूवर है कारगर

नेल पॉलिश को साफ करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नेल पेंट रिमूवर की मदद से भी आप कपड़ों पर लगे सफेद गोंद के दागों को साफ कर सकते हैं। इसके लिए एक कॉटन पैड में थोड़ा नेल पेंट रिमूवर लें और इसे कपड़े पर लगे गोंद के दाग पर हल्के हाथों से रगड़े। इसके बाद दाग वाली जगह पर डिटर्जेंट लगाकर उसे रातभर के लिए अलग रख दें और फिर सुबह उठकर कपड़े को धो लें।

### हाइड्रोजन पेरॉक्साइड है कारगर

अगर आपके घर में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड मौजूद है तो आप उसका इस्तेमाल करके भी कपड़ों पर लगे सफेद गोंद के दाग को आसानी से साफ कर सकते हैं क्योंकि इस केमिकल कंपाउंड में क्लीनिंग प्रॉपर्टीज मौजूद होती हैं। इसके लिए एक कटोरी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड और नींबू का घोल तैयार कर लें, फिर इस घोल को कपड़े पर लगे दाग पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद कपड़े को हाथ से रगड़कर गुनगुने पानी से धो लें।

### टूथपेस्ट आएगा काम

टूथपेस्ट के इस्तेमाल से भी कपड़े पर लगे सफेद गोंद के दाग को साफ किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले दाग से प्रभावित जगह पर टूथपेस्ट लगाकर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, फिर दाग पर कछ मिनट ब्रश को रगड़े। इसके बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें और इसे हवादार जगह पर सुखा दें। अगर एक बार में दाग न जाएं तो इस प्रक्रिया को फिर से दोहराएं।

### अल्कोहल से हट जाएंगे दाग

अगर टूथपेस्ट के इस्तेमाल से कपड़े पर लगे सफेद गोंद के दाग साफ न हो तो इसके बाद अल्कोहल का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे दाग जल्द ही साफ हो जाएंगे। इसके लिए पहले एक से दो चम्मच अल्कोहल को दाग वाली जगह पर डालकर हल्के हाथों से रगड़े। इसके बाद अच्छे से पानी से साफ करें। अगर आपके पास अल्कोहल नहीं है तो आप इसकी जगह रबिंग अल्कोहल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## बड़े अच्छे लगते हैं 2 में प्रिया की बहन का किरदार निभाएंगी अंजुम फैख



अंजुम फैख को बड़े अच्छे लगते हैं 2 में अभिनेत्री दिशा परमार की बहन की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। उनका मानना है कि शो में उनका किरदार मुझे एक एक्टर के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने की अनुमति देगा और इससे कुछ असाधारण निकलेगा। फैख ने कहा कि मैं इस तरह के एक प्रतिष्ठित शो का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। मुझे विश्वास है कि शो में मेरा चरित्र मुझे एक एक्टर के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने की अनुमति देगा और इससे कुछ असाधारण निकलेगा। यह शो सास बहू के नाटक से परे शहरी अकेलापन और परिपक्व प्यार पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में कुछ नया करने की कोशिश कर रही हूं और शो में अपने सह-कलाकारों के साथ एक अद्भुत संबंध बनाने के लिए उत्सुक हूं। शो के सीजन 2 में नकुल मेहता और दिशा नजर आएंगे, जो राम और प्रिया के पसंदीदा किरदारों को निभा रहे हैं।




# ग्राम पंचायत विजपुर में सरपंच व सचिव ने शौचालय निर्माण में किया लाखों का भ्रष्टाचार






**पुष्पांजली टुडे, दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

एक ओर शासन द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा देकर भारत को साफ सुधरा व स्वस्थ बनाने के लिए शासन द्वारा ग्रामीण इलाकों में ग्राम पंचायत में गरीब लोगो के लिये अनेक योजनाए चलाई जा रही हैं और शासन की मंशा है कि ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे प्रत्येक व्यक्ति को शासकीय योजना का लाभ मिले लेकिन यहां कागजो की हकीकत कुछ और है और जमीनी हकीकत कुछ और है।किसानों ने जिन लोगो को अपना कीमती वोट देकर ग्राम का प्रतिनिधि चुना वही प्रतिनिधि भोले भाले किसानों को चूना लगाकर किसानों के पैसे डकार गए।मामला भिण्ड जिले की लहार जनपद के दबोह कस्बे के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत विजपुर का है जहां पर सरपंच व सचिव दबंगई व सांठगांठ के चलते पूरे ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है।दबोह से लगभग 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत विजपुर के ग्राम सिंगोसा में शौचालय निर्माण में दबंग सरपंच व सचिव की मिलीभगत से लाखो रुपये का घोटाला किया गया।सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अभियान तो शुरू किया परन्तु उसकी मूलभूत सुविधाएं हितग्राहियों को नही मिल पा रही है क्यों कि वह योजना हितग्राही तक आने से पहले सरपँच सचिव तक आकर रुक जाती है और फिर जो मोटी रकम देता है उसे योजना का लाभ मिल जाता है और जो पैसे नही देता वह हमेसा जिम्मेदार अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर काटते-काटते ही परेशान हो जाते है और फिर हार मानकर चुपचाप बैठ जाते हैं।




### 2018 में ही सरपँच सचिव ने निकाला सीसी रोड का पैसा पर अब तक नही डाली गई सड़क

दरअसल मामला बड़ा अजीबोगरीब है क्यों कि बड़ी अजीब बात है कि लगभग 650 लोगो की आबादी वाले इस गाँव मे बिकास के लिए आया पैसा जिम्मेदारो के घर की तिजोरियों में भरकर रह गया।यहां बता दें कि सिंगोसा में मुरली कुशवाह के मकान से बेदराम यादव के मकान तक सीसी कराई जानी थी जिसका पैसा सरपँच सचिव ने आज से 3 वर्ष पूर्व वर्ष 2018 में ही फर्जी बिल लगाकर निकाल लिए गए परन्तु सड़क का निर्माण आज तक न हो सका।जिसके बाद ग्रामवासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत भी की परन्तु अधिकारियों ने शिकायत को दरकिनार कर दिया और अब तक भ्रस्टाचार में डूबे सरपँच सचिव पर कोई कार्यवाही नही की।

### हितग्राहियों को नही मिला आवास,टूटी फूटी कच्ची झोपड़ी में रहने को मजबूर है गरीब

सरकार का सपना था कि हर गरीब किसान के पास कच्ची झोपड़ी की जगह पक्का मकान हो जिसमें वह बरसात व धूप में चैन से बैठकर दो वक्त की रोटी खा सके।परन्तु यहां तो सरपँच सचिव ने भ्रष्टाचार की सारी हदें ही पार कर डाली और गरीब हितग्राहियों को मिलने वाली आवास योजना का बंटाधार कर दिया।देखा जाए तो विजपुर पंचायत के ग्राम सिंगोसा में दर्जनों हितग्राही ऐसे हैं जो आज कच्चे मकान के साथ साथ टूटी फूटी झोपड़ी में रहने को मजबूर है और वह वास्तविक में आवास योजना के हितग्राही भी हैं परन्तु उन्हें अब एक सरपँच और सचिव की मनमानी के चलते योजनाओं का लाभ नही मिल पाया।ग्रामीणों ने बताया कि सरपँच से जब भी आवास योजना की बात की जाती है तो सरपँच द्वारा राशि की मांग की जाती है उसके बाद आवास पास कराने की बात कही जाती है।जिसकी वजह से सिंगोसा में आज तक एक भी आवास पास न हो सका।साथ ही साथ ग्रामीणों से सरपंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरपँच द्वारा गाँव मे बीपीएल बनवाने के नाम पर भी हम लोगो से 3600 रुपये पर व्यक्ति के हिसाब से बसूली की है परन्तु बीपीएल आज तक न बन पाया।

### स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनने थे शौंचालय पर अब तक कुछ अधूरे तो कुछ बने ही नही

शासन की मंशानुरूप भारत को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए हर स्तर पर शौंचालयो का निर्माण किया जाना था परंतु ग्राम सिंगोसा में स्तिथि कुछ और ही है।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत 181 व अन्य वरिष्ठ अधिकारीयो से भी की लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।ग्राम पंचायत विजपुर,सिंगोसा व बागपुरा में सरपंच व सचिव मिलकर गरीब हितग्राहियों के शौचालय निर्माण की राशि निकाल कर डकार गये।पंचायत में 70त्न शौचालय ऐसे हैं जिनकी करीब दो बर्ष पहले सिर्फ कोठी बनाई गई है लेकिन गड्ढा अभी तक नही बना।जिनका गड्ढा बना उनकी कोठी नही बनी है और शौचालय आज भी अधूरे पड़े हैं आधे अधूरे पड़े शौचालय का भुगतान सरपंच सचिव ने अपने खाते में कराकर पूरी राशि डकार गये।ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में हम लोगो को शौंच के लिए जाने में बड़ी परेशानी होती है साथ ही बरसात में खुले में शौच करने से कीड़ो के आने का भी डर बना रहता है।ग्राम में अधूरे पड़े शौचालयो के हितग्राहियों की भी शिकायत है कि ग्राम पंचायत में चारो तरफ दलदल मचा है शौंच के लिये बाहर जंगल मे जाना पड़ता है।जिससे ग्रामीणो के लिये यह बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच अपनी पंचायत से 26 किलोमीटर दूर लहार रहती है वह ग्रामीणों की कोई समस्या भी न सुनती हैं।

### फरियादी की शिकायत के बाद भी अधिकारियों के कानों में 2 माह बीत जाने के बाद भी अब तक न रेंगी जूं, सीईओ ने उड़ाई एसडीएम के आदेश की धज्जियां

दरअसल सिंगोसा निवासी युवक ने 10 जून 2021 को एक लिखित शिकायत लहार एसडीएम को दी थी जिसमे सरपँच सचिव के द्वारा किये गए ग्राम पंचायत में सभी कार्यो की जांच करने की मांग व 2 साल पहले सीसी रोड का फर्जी बिल लगाकर 10 लाख 87 हजार 500 रुपये निकालने के बाद भी सड़क का निर्माण न होने व आगंनबाडी के नाम पर 7 लाख 8000 रुपए का फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराने की बात कही गई थी।जिसमे उन्होंने जांच कर भ्रष्टाचार में लिप्त सरपँच व सचिव के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की थी।फरियादी के आवेदन देने के बाद एसडीएम लहार ने तत्काल जनपद सीईओ लहार से तत्काल स्वयं जांच कर कार्यवाही करने व प्रतिवेदन पेश करने के लिए कहा था परंतु जनपद सीईओ महोदय ने एडीएम महोदय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए 2 माह बीत जाने के बाद अब तक कोई जांच न की।इससे साफ स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं पूरे मामले में जनपद सीईओ भी लिप्त है और कोई कार्यवाही नही करना चाहते हैं।

### कैंसर पीड़ित वृद्ध किताब सिंह का गिरा मकान, नही पहुँचे जिम्मेदार

भारी बारिश के चलते सिंगोसा निवासी किताब सिंह का मकान बारिश में ढह गया जिसके बाद से उनके पास अब तक कोई नही जिम्मेदार अधिकारी नही पहुँचा।यहां बताना मुनासिब होगा कि वृद्ध किताब सिंह अपने टूटे फूटे कच्चे घर मे खटिया पर लेटे अपनी अंतिम सांसे गिन रहे हैं और प्रशासन से मदद की आशा लगाए हैं कि कोई जिम्मेदार अधिकारी आएगा औए उनकी समस्याओं से उन्हें निजात दिलाएगा।

### इनका कहना

1-आप जानकारी व्हाट्स एप या मेसेज कर दीजिए दिखवाते हैं।

**सतीश कुमार एस**
**कलेक्टर भिण्ड**

2-जब इस पूरे मामले को लेकर जनपद सीईओ लहार से बात की गई तो वह अपनी जिम्मेदारियो से भागते नजर आए।उनका कहना था कि जहाँ तक मुझे याद है टीम बना दी गई थी।अभी मीटिंग में हूँ दिखवाता हूँ।

**आलोक इटोरिया**
**जनपद सीईओ**

## वन-टू-वन

### किसानों की बिजली संबंधी समस्याओ को लेकर सेवड़ा विधायक के नेतृत्व में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर, तहसील का किया गया घेराव

**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे संवाददाता विवेक सिंह की रिपोर्ट**

इंदरगढ। दतिया जिले के सेवढ़ा विधानसभा क्षेत्र में बिजली की अंधाधुंध अघोषित कटौती और ग्रामीणों के आ रहे आक्लित खपत से अधिक राशि के बिजली बिलों के विरोध में आज सेवढ़ा विधानसभा के कांग्रेस विधायक कु घनश्याम सिंह के नेतृत्व में नगर के ग्वालियर चौराहा पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर क्षेत्र के किसान और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आम सभा आयोजित की गई,आमसभा में विधायक सहित ब्लॉक अध्यक्ष बी के जाटव, जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बागदा, प्रदेशमहामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर ने वर्तमान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा,कांग्रेस विधायक द्वारा भाजपा सरकार पर आम जनता के साथ सौतेला व्यवहार और भाजपा पदाधिकारियों और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया गया,आम सभा के बाद जुलूस के रूप में पैदल चलकर ग्वालियर चौराहा से तहसील कार्यालय पहुंचे,तहसील कार्यालय पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के साथ इंदरगढ़ तहसील का घेराव किया।और लगभग एक घंटे तक धरने पर बैठे,सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती बहुत ज्यादा हो रही है जिससे किसानों को धान की खेती और अन्य किसानी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, किसानों को बिजली कम मिल रही है,और बिजली बिल उल्टे सीधे खपत से अधिक आ रहे हैं, उन्होंने भाजपा की प्रदेश सरकार एवं भाजपा के स्थानीय नेताओं पर अधिकारियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए, प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए, सेवडा विधायक मीडिया से चर्चा करते हुए बताया ने कहा कि अगर विद्युत विभाग ने अपने रबैये में सुधार नहीं किया तो, फिर कांग्रेस तीब्र और उग्र आंदोलन करेगी,इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी, ब्लॉक अध्यक्ष बीके जाटव,ब्लॉक अध्यक्ष राम शर्मा,एनएसयूआई अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कौशल यादव,कोक सिंह पटेल, संतोष दुबे लांच,सोनू यादव, भानु ठाकुर ,चरण दास केलारे, रवि यादव,सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

**बाइट - कु घनश्याम सिंह, विधायक सेवढ़ा**

आज खेरागढ़ आगमन पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजयुमो आगरा बड़े भाई हरिओम सिंह रावत जी का बसई चौकी पर स्वागत किया गया* जिसमें दानवीर परमार, अनिकेत तोमर,पंकज कटारा, आशीष पाराशर,मनीष सिकरवार,सोदल प्रधानजी,शिवकान्त सिकरवार,भानू ठाकुर,दीपक सिकरवार,प्रदीप सिकरवार,पुष्पेंद्र सिंह,आकाश सिकरवार, अन्नू ठाकुर एवं समस्त युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को वागबाला पुलिस ने दबोचा

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

एटा - एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना बागवाला एटा पुलिस द्वारा थाना बागवाला एटा पर पंजीकृत मुअसं- 95/2021 धारा 363, 366, 368, 376 भादंवि व ङ पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त मनोज पुत्र विश्राम सिंह निवासी कन्सुरी थाना बागवाला एटा को गिरफ्तार किया गया । घटना दिनांक दो मई 2021 को वादी द्वारा थाना पर इस आशय की लिखित सूचना दी कि वादी की नाबालिग पुत्री दिनांक 30 अप्रैल 2021 को सुबह 4 बजे शौच के लिए खेत की तरफ कहकर गयी थी लेकिन वहां से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा कर ले गया है। इस सूचना पर थाना बागवाला एटा पर मुअसं 95/2021 धारा 363, 366 भादवि पंजीकृत किया गया। इस संबंध में बागवाला पुलिस द्वारा पीड़िता को दिनांक 30 अप्रैल 2021 को सकुशल बरामद किया जा चुका है । पीड़िता के धारा



161/164 सीआरपीसी के बयानों में अभियुक्त उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष बागवाला एटा को निर्देशित किया गया। दिनांक 1 सितम्बर 2021 को अभियुक्त मनोज पुत्र विश्राम सिंह निवासी कन्सुरी थाना बागवाला एटा को मुखबिर की सूचना पर कन्सुरी पुलिया के पास थाना बागवाला एटा से समय 8.30 बजे गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मनोज पुत्र विश्राम सिंह निवासी कन्सुरी थाना बागवाला एटा।

## नपा कोलारस में सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण कर शोषण करने वाले अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए:संजय वाल्मीकि'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर/कोलारस । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने सहायक श्रमायुक्त ग्वालियर संभाग आशीष तिवारी को ज्ञापन सौंपकर नगर परिषद कोलारस में पदस्थ सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण करने एवं सफाई कर्मचारियों का शोषण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम1948, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 में दिए प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट श्री



वाल्मीकि ने बताया है कि नगर परिषद कोलारस में पदस्थ अस्थाई सफाई कर्मचारीयों को 3000/-,4500/-,6000/- रूपये वेतन का भुगतान किया जा रहा है जो कि श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं एवं कार्यालय कलेक्टर भिंड द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी दर 8700/- से कम है तथा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 में दिए प्रावधानों का उल्लंघन है तथा अस्थाई सफाई कर्मचारीयों को कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 के तहत ईपीएफ कटौत्रा का लाभ नही दिया जा रहा है इस सम्बन्ध में यूनियन द्वारा पूर्व में निकाय प्रशासन कोलारस तथा जिला प्रशासन शिवपुरी को अवगत कराया गया है लेकिन आज दिनांक तक सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का समाधान नहीं किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि समस्यायों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया है तो सफाई कर्मचारी वर्ग अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल करने पर मजबूर होंगे जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निकाय प्रशासन कोलारस एवं जिला प्रशासन शिवपुरी की होगी।

## 'कलेक्टर द्वारा कोविड टीकाकरण से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीकाकरण के संबंध में निर्देश जारी किए'

**नीरज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। कोविड 19 टीकाकरण सत्र (प्रथम डोज) जो लग रहा है उसमें फील्ड विजिट के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मामले संज्ञान में आये हैं जिसके लिये समाधान किया जाना अतिआवश्यक है

1. कुछ व्यक्तियों पर टीकाकरण हेतु आधारकार्ड या वोटरकार्ड नहीं होने पर टीकाकरण नहीं किया जा रहा है, ऐसे विषयों में संबंधित का समग्र परिवार आईडी के माध्यम से राशनकार्ड मय फोटो विकल्प चुनकर फिर समग्र परिवार आईडी दर्ज कर टीकाकरण किया जा सकता है। अतः दस्तावेज के अभाव में कोविड-19 टीकाकरण से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न हो, इसको ध्यान में रखते हुए टीकाकरण संपन्न करायें ।

2. गर्भवती एवं धात्री महिलायें भी टीकाकरण की पात्र है। अतः गर्भवती महिलायें स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर एवं धात्री महिलायें किसी भी टीकाकरण केन्द्र पर



जाकर टीकाकरण करा सकती हैं। जानकारी के अभाव में अथवा अफवाह के कारण गर्भवती एवं धात्री महिलायें कोविड- 19 टीकाकरण से वंचित न हों, इसको ध्यान में रखा जाये ।

3. बुखार को छोड़कर शेष समस्त बीमारियां (गंभीर बीमारियों सहित ) होते हुए भी व्यक्ति टीकाकरण करा सकते हैं। अतः जानकारी के अभाव अथवा अफवाह के कारण कोई बीमार व्यक्ति कोविड- 19 टीकाकरण से वंचित न हो, इसको ध्यान में रखते हुए टीकाकरण संपन्न करायें ।

4.ऐसे आंगनबाडी / आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर पात्र व्यक्तियों को टीकाकरण केन्द्र पर लाकर टीकाकरण करायें। साथ में टीकाकरण (प्रथम डोज) हेतु शेष रहे व्यक्तियों को सूचीबद्ध करायें ताकि सत्रों की योजना बना सकें। साथ ही साथ आंगनबाडी केन्द्र में पंजीबद्ध परिवारों में से कितने ऐसे व्यक्ति हैं जो कम से कम 2-3 माह से बाहर हैं, को भी सूचीबद्ध करें।

5. जिले के प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों पर सितम्बर माह में कम से कम 4 बार टीकाकरण सत्र आयोजित किया जावेगा। इन सत्रों को प्राथमिकता से दुरुस्त इलाकों में स्थित मजरा, कस्बा, मोहल्ला, झुग्गी बस्ती आदि जगह, जहाँ लोगों के टीकाकरण से वंचित रहने की संभावना हो सकती है, वहां टीकाकरण सत्रों का आयोजन करायें। समस्त जमीनी स्तर पर कार्यरत पटवारी / सचिव / रोजगार सहायक शिक्षक भी इस कार्य पर सक्रिय रुप से कार्य करावें ।

सितम्बर माह के अंत तक कोविड-19 टीकाकरण ( प्रथम डोज) हेतु एक भी पात्र व्यक्ति भिण्ड जिले में न छूट जाये, इस संकल्प को साकार करने हेतु समस्त नागरिकों का सहयोग प्राप्त कर कार्य निष्पादित करायें।

### दतिया हत्या के प्रयास का आरोपी पांच हजार का इनामी बदमाश कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर जी के निर्देशन तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य जी एसडीओपी दतिया श्री सुमित अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में आज कोतवाली पुलिस द्वारा ?5000 के इनामी बदमाश अमित पाल पुत्र बद्रीप्रसाद पाल उम्र 25 साल निवासी 292 बंगला गड़रिया झांसी को थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 244/21 की धारा 307, 294, 34 ताहि 25, 27 आर्म्स एक्ट में भांडेर रोड से गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने पंजाब पाल पुत्र काशीराम पाल उम्र 20 साल निवासी ग्राम ओरिना को पैसों के लेनदेन पर से दिनाँक 12-05-21 को अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी को जान से मारने कि नियत से हॉस्पिटल रोड पर गोली मार दी थी । आरोपी घटना दिनांक से फरार था आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया द्वारा 5000 का इनाम घोषित किया गया था । आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक रविन्द्र शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक रामनिवास नंदा ,महेश श्रीवास्तव ,आरक्षक दिलीप प्रधान की मुख्य भूमिका रही।

## वन-टू-वन



### मंगलवार को सैया पुलिस ने खेरागढ़ मार्ग ग्राम भैंसोंन खोखे पर शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ सैया पुलिस ने खेरागढ़ मार्ग पर खोखे पर बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिससे 25 पव्वे बरामद किए पुलिस ने बताया आरोपी को न्यायालय मैं पेश किया जाएगा थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि खैरागढ़ से भैंसोंन मोड पर खोखे में अवैध शराब की बिक्री किए जाने की सूचना मिली सूचना पर एसआई मोहित शर्मा भैंसोंन मोड प्रताप सिंह बाबूलाल निवासी ग्राम रावतपुरा के खोखे पर छापा मारा पुलिस ने देसी शराब बरामद की है फिलहाल युवक पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।



### बलात्कार के आरोपी सरपंच सरसई पुष्पेंद्र यादव के घर कोतवाली व सरसई पुलिस कि दबिश

**पुष्पांजली टुडे**

दतिया । थाना कोतवाली में अपराध क्र.358/21 धारा 376(2)ठु, 377 द्बश्चष में फरार आरोपी पुष्पेंद्र यादव निवासी सरसई की तलाश में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के सरसई स्थिति घर, दतिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थिति घर व अन्य संभावित स्थानो पर दबिश दी । पुष्पेंद्र यादव सरसई का सरपंच है जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमर सिंह राठौर द्वारा ?5000 का इनाम घोषित किया गया है आरोपी घटना दिनांक से ही अपने घर से फरार है। कोतवाली पुलिस उप निरीक्षक श्रद्धा राजा चौहान व सरसई थाना प्रभारी अजय अम्बे के नेतृत्व में आरोपी की तलाश जारी ।



### चोरी की वाइक सहित एक आरोपी को मारहरा पुलिस ने दबोचा

**पुष्पांजली टुडे**

एटा - एटा थाना मारहरा पुलिस ने प्रात सूचना पर अभियुक्त इसरार पुत्र मौहम्मद निसार निवासी नगला इन्द्रजीत थाना अमांपुर कासंगज को नगला बाग तिराहा के पास से समय करीब 00.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक चोरी की मोटर साइकिल फर्जी नम्बर प्लेट सहित, दो पैंचकश व एक लोहे का कटर के साथ गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त इसरार पुत्र मौहम्मद निसार निवासी नगला इन्द्रजीत थाना अमांपुर कासंगज। बरामद एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक चोरी की मोटर साइकिल फर्जी नम्बर प्लेट सहित, पैंचकश व एक लोहे का कटर। गिरफ्तार करने वाला पुलिसबल उनि रमाकान्त शर्मा का, कोमल कुमार का, अनिल कुमार।

### कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने लगाई चौपाल, सुनी कार्यकर्ताओं की मन की बात'

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चम्बल डिवीजन**

भिण्ड । आज जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतत्व में ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन अमायन,मेहगांव,गोरमी ब्लाक में किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष के साथ कांग्रेस के जिला,ब्लाक,मंडल,व सभी मोर्चा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष श्री कुशवाह के समक्ष अपनी अपनी मन की बात रखी,और अपनी परेशानी से अवगत भी कराया।श्री कुशवाह ने कार्यकताओं की मन बात सुनते हुए व उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन की नींव हैं सभी को एकजुट होकर 2023 के लिए कार्य करना है और माननीय कमलनाथ जी के नेतत्व में सरकार 2023 में सरकार बनना है।आज हमें पोलिंग बूथ से लेकर जिले स्तर तक संगठन को मजबूत करना है आप सब लोग हर आमजन की समस्या को हमे अवगत कराएं उसके निराकरण के लिए एवं उनके हक अधिकारी की लड़ाई के लिए हम कभी पीछे नही हटेंगे,कांग्रेस की विचारधारा से आप सब लोग अन्य लोगो जोड़े और कांग्रेस व माननीय कमलनाथ जी के हाथो को मजबूत करे । इस मौके पर आमायन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान मेहगांव ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार चौधरी गोरमी ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया जी तीनों जगह बैठक आयोजित की गई इस मौके पर प्रदेश सचिव सुरेश सिंह राजपूत प्रदेश सचिव दारा सिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य राजवीर बघेल,गोरमी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह सखवार,वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह गुर्जर,अमित कुशवाहा,दयाल सिंह बघेल, कमलेश कौरव, तहसीलदार सिंह गुर्जर,पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष राठोर,वरिष्ठ नेता जबर सिंह कुशवाहा,कृष्ण कटारे, अमर सिंह,रंजीत सिंह सखवार आदि लोग उपस्थित रहे।

**बिजली संकट को लेकर मंत्रियों के अलग-अलग बयान पर बोले नरोत्तम**

# कहा-मेरा और ऊर्जा मंत्री का बयान बिलकुल अलग नहीं है

**पुष्पांजली टुडे**

भोपाल( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक )

मध्य प्रदेश में बिजली का संकट दिन- प्रतिदिन गहराता जा रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों व कृषि क्षेत्रों में स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। कई-कई घंटों की अघोषित कटौती की जा रही है। कोयले की कमी के कारण उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। बिजली संकट पर सरकार के दो मंत्रियों के आए अलग-अलग बयान पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सफाई दी है।मिश्रा ने कहा कि उनका और ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के बयान से बिलकुल अलग नहीं है।

दरअसल, प्रदेश में जारी अघोषित बिजली कटौती और संकट की बात गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने स्वीकार्य की थी, जबकि और ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बिजली संकट को नकार दिया था. जिसको लेकर बुधवार को नरोत्तम मिश्रा ने सफाई देते हुए कहा कि उनका और ऊर्जा मंत्री का बयान बिलकुल अलग नहीं है, सिर्फ हेडिंग अलग है,18 से 20 घंटे की कटौती नहीं है।



नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि ऊर्जा मंत्री और उनका बयान एक है. बांधों में जो पानी आना चाहिए. बारिश के कारण नहीं आया है. कोयले की कमी हुई है, लेकिन ये शिवराज सिंह चौहान की सरकार है. यह दिग्विजय सिंह की अंधेरे वाली सरकार नहीं है।

बता दें कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश का कोई विधायक बता दे, किसके यहां 18 से 20 घंटे की बिजली की कटौती हो रही है, मैं खुद मौके पर जाकर देखूंगा. उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी प्रकार का बिजली का कोई संकट नहीं है और न ही बिजली की कटौती हो रही है।जबकि गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बिजली संकट को स्वीकार करते हुए कहा है कि बिजली संकट है और 5 दिन में बिजली संकट दूर हो जाएगा. बिजली संकट इसलिए है क्योंकि पावर प्लांट में तकनीकी दिक्कते आईं हैं, बारिश और कोयले की कमी के कारण बिजली कटौती हो रही है।

## शिवराज सरकार को बर्खास्त करने एवं प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट । मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली गांव में कन्हैया लाल भील नाम के एक आदिवासी युवक को दबंगों द्वारा बुरी तरह से पीटकर बाद में उसे पिकअप वाहन में बांधकर घसीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना पर आक्रोश प्रकट करते हुए कांग्रेस कमेटी लांजी के द्वारा लांजी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि साथियों यह घटना मानवता और प्रदेश के मस्तक पर एक कलंक है , जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुप्रशासन को प्रदर्शित करता है, इससे पहले भी इंदौर, देवास और सतना में ऐसी वीभत्स घटनाएं हमारे आदिवासी भाइयों के साथ हो चुकी है अतः उक्त व्यक्ति के साथ हुई घटना और उसकी दर्दनाक मौत के विरोध में आज दिनांक 1 सितंबर 2021 दिन बुधवार को कांग्रेस के तत्वाधान में सभी कांग्रेस की विंग मिलकर एक ज्ञापन उक्त घटना के विरोध में महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम पर तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा गया। उक्त कार्येक्रम में युवा कांग्रेस के लांजी किरनापुर के विधानसभा अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवसरें,नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल , युवा कांग्रेस से अफसाना सिद्दीक़ अंसारी , अनमोल तिड़के , मनीष जुझार , दिनेश चौहान , विद्यासागर आसटकर, छितेश भारद्वाज , पूनम आसटकर , दुर्गा बड़गैया , ज्योति सोनवाने आदि उपस्थित रहे।

# सरपंच निकली 20 करोड़ से ज्यादा की आसामी लोकायुक्त की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

**पुष्पांजली टुडे, रीवा (अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

रीवा में सरपंच के घर पर लोकायुक्त की छापामार कार्रवाई में दूसरे दिन 20 करोड़ तक की संपत्ति का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त ने सरपंच सुधा सिंह के दो ठिकानों बैजनाथ गांव और शारदापुरम कॉलोनी में एक साथ छापा मारा था। जहां आलीशान बंगला, 30 बड़ी गाड़ियां और कई जमीनों की रजिस्ट्री उजागर हुई है।सरपंच सुधा सिंह के पास से आज शरदापुरम कालोनी स्थित आवास की अनुमानित कीमत करोड़ है। सरपंच के पास से 2 केशर मशीन, एक मिक्कर मशीन, एक ब्रिक मशीन व 30 बड़े वाहन बरामद हुए हैं। जिसमें चेन माउन्ट, जेसीबी, हाइवा, लोडर , ट्रेक्टर, इनोवा, स्कार्पियो, ईंट मशीन आदि जिनकी कीमत लगभग 7 करोड़ है।इसके अलावा 20 लाख के सोने-



चांदी के जेवरात, 12 लाख की जीवन बीमा पॉलिसी और 36 भूखंड के दस्तावेज मिले हैं। जिनमें से 12 भूखंडों की कीमत 80 लाख बताई जा रही है। इसी प्रकार मकान इन्वेंटरी में 20 लाख रूपए, नगद 3.50 लाख रूपए और रजिस्ट्री ऑफिस में 8 करोड़ की जमीन की रजिस्ट्री पाई गई है 7 इस प्रकार अभी तक की कार्रवाई में कुल 20 करोड़ से अधिक की संपत्ति पाई गई। लोकायुक्त की कार्रवाई अभी भी जारी है।बता दें कि लोकायुक्त की टीम ने 31 अगस्त को रीवा में सरपंच शुधा सिंह के घर छापा मारा था। कल तक की कार्रवाई में 11 करोड़ से अधिक की संपत्ति उजागर हुई था। लेकिन आज की कार्रवाई में अभी तक 20 करोड़ से अधिक की संपत्ती का खुलासा हुआ है। कार्रवाई अभी भी जारी है।

## रूपावास कोविड-19 टीकाकरण शिविर आयोजित

**पुष्पांजली टुडे**

पाली। कोराना आमजन को बचाने हेतु चिकित्सा विभाग की ओर से बचाव उपचार को लेकर पाली ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए।

पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रूपावास के पंचायत भवन में 18 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोराना टीके लगाने के लिए शिविर आयोजित किया गया।

सरपंच सुरेश बंजारा सहित समाजसेवी हरि भाई पटेल ने टीकाकरण स्थल पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा उत्साहित करके कोराना टीके लगाने के लिए



महत्वपूर्ण सहयोग किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी नरेंद्र खंडेलवाल एएनएम आशा बेन देवासी सरपंच सुरेश बंजारा स्वास्थ्य कर्मी तारा मेघवंशी पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री देवी पटेल ओम प्रकाश भाटी समाजसेवी हरि भाई पटेल सहित गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## आजादी का अमृत महोत्सव फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0

**राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

9691338626

आज दिनांक 01/09/2021 मैं नेहरू युवा वोलेकिपर पिछोर ब्लॉक कार कॉर्डिनेटर अनुराग पटेरिया और उनके साथियों द्वारा छत्रसाल कॉलेज में कार्यक्रम क्रमांक आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की कई छात्र और छात्राएं भी मौजूद रहे आजादी अमृत महोत्सव फिट इंडिया महोत्सव के तहत महाविद्यालय परिसर पिछोर में मनाया गया जिसमें अधिक से अधिक लोगों ने फिट इंडिया महोत्सव मैं शामिल हुए और छात्र छात्राओं ने अपने अपने सुझाव आजादी का अमृत महोत्सव फिट इंडिया के तहत यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें फिट इंडिया महोत्सव के तहत लोगों के लिए एवं छात्र छात्राओं के लिए जागरूक किया गया इस अवसर पर प्रमुख अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एचडी प्रमुख श्री सत्येंद्र विधवा मौजूद रहे एवं अन्य कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी स्वास्थ्य स्वयंसेवक महा अभियान की शुरुआत

**पुष्पांजली टुडे**

पाली।किसान केसरी भवन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी की उपस्थिति में कोविड-19 के चलते बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता तिलोकराम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम से की गई जिसमें जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार जिला महामंत्री सुनील भंडारी जिला महामंत्री मोहन जाट कार्यक्रम संयोजक महेंद्र कुमावत व सुमित्रा राजपुरोहित मुकेश नाबरिया तथा योग शिक्षक के रूप में विजय राज सोनी डॉक्टर देवेंद्र चौधरी व नरेंद्र माछर उपस्थित डॉक्टर देवेंद्र चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कोरोना महामारी संबंधी बचाव हेतु जानकारी दी तथा योग गुरु विजय राज सोनी



तथा नरेंद्र माछर ने योग संबंधी जानकारी स्वयं स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को दी अभियान पूरे भारत में भारतीय जनता पार्टी करने जा रही है प्रत्येक वार्ड तथा प्रत्येक ग्राम स्तर पर एक युवा कार्यकर्ता तथा एक महिला कार्यकर्ता जागरूक कार्यकर्ताओं को एक टीम तैयार कर इसी के तहत पाली जिले में प्रत्येक गांव में प्रत्येक वार्ड में एक युवा कार्यकर्ता तथा एक महिला कार्यकर्ता स्वयंसेवक के रूप में कोरोना महामारी में कार्य करेंगे स्वास्थ्य संबंधी सूचनाएं देना स्वस्थ संबंधी जानकारी देना और स्वस्थ संबंधी जागरूकता करना उनका कार्य होगा जिला स्तर पर आज स्वास्थ्य सेवाओं से कार्यकर्ताओं को बुलाकर जानकारी दी गई इस विषय पर जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सेवाभावी पार्टी है तथा पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा में समर्पित है इसीलिए इस पार्टी ने प्रत्येक गांव और प्रत्येक वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य स्वयंसेवक बनाए हैं ताकि भविष्य में होने वाली बीमारियों से निपटने में तथा आमजन के आमजन की सहायता आमजन की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे मंडल स्तर पर स्वयंसेवकों की कार्यशाला होगी तथा उन्हें इस संबंध में पूरी जानकारी दी जाएगी आज उनसे हम सेवकों को ऑक्सीमीटर तथा आवश्यक जानकारी का फोल्डर उपलब्ध कराया गया आने वावले समय में मंडल स्तर पर इस कार्यक्रम को आयोजित कर इससे स्वास्थ्य सेवक अभियान को मजबूत किया जाएगा।

**टन टन टन घंटी बजी स्कुल की स्कुल तुमको पुकारें**

# कक्षा छठवीं से कक्षाओं का संचालन हुआ प्रारंभ

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

कोरोना संक्रमण के कारण बंद स्कूल सरकार के आदेश के बाद 1 सितंबर से खुल चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया? था कि %प्रदेश में आगामी एक सितंबर से कक्षा 6 से 12 के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालय 50त्न विद्यार्थी क्षमता के साथ प्रतिदिन प्रारंभ हो सकेंगे।इस व्यवस्था में अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी. स्कूल प्रबंधन और अभिभावक इस दौरान ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से करें।% आदेश के मुताबिक स्कूल के स्टाफ सदस्यों को कोविड रोधी टीके की कम से कम एक खुराक लगी होनी चाहिए।

एक ओर नवीं से बारहवीं के बच्चों को स्कूल आने की इजाजत पहले ही दे दी गई है। वही कक्षा छठवीं से आठवीं की




कक्षाएं भी शुरू हो गई है। आज सुबह-सुबह जब छात्र-छात्राएं अपने-अपने स्कूल पहुंचे तो कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सभी के चेहरे पर मास्क थे। महीनों बाद अपने दोस्तों से मिलकर सभी खुश थे।

### 1 से 5 के विद्यालय भी होंगे संचालित

कक्षा 1 से 5 के विद्यालयों के संचालन के संबंध में प्रदेश सरकार एक हफ्ते बाद परिस्थितियों के आधार पर निर्णय ले सकती है. वहीं इससे पहले 9वीं से 12वीं तक सप्ताह में दो दिन कक्षाएं चल रही थीं. अब सभी कार्य दिवसों में विद्यालय लगेंगे।

### अपने कक्षाकक्ष में बैठकर प्रफुल्लित हुए बच्चे

माध्यमिक %स्कूलों में बच्चों को वापस देखकर अच्छा लग रहा था। बच्चे भी खुश हैं। जिंदगी पटरी पर लौट रही है। वे लंबे समय तक घर पर बैठे रहने और ऑनलाइन क्लास में भाग लेने के बाद नाखुश थे। सभी प्रोटोकॉल के साथ स्कूलों को प्रतिबंधित तरीके से फिर से खोला गया है।% अपने कक्षाकक्ष में बैठकर बच्चे प्रफुल्लित हो गये, वहीं शिक्षकों के चेहरे पर भी अनोखी मुस्कान थी।

## दिव्य और विकल, तनिक विचार करें

***विनोद पाठक ब्यूरो पुष्पांजलि टुडे***

नमस्कार, मैं मोहित सिंह, राष्ट्रीय महासचिव, विकलांग बल सर्वप्रथम आप की पत्रकारिता को विकलांगजनों की समस्याओं पर जागरूकता के लिए धन्यवाद देता हूं। विकलांगजनों की स्थिति के बारे में स्पष्ट करना चाहूंगा कि यह स्थिति दुर्दशा के रूप में है। इसके विषय को स्पष्ट करने के लिए मैं आपको एक कहानी सुनाता हूँ। एक राष्ट्र है, उसमें कोरोना फैला है। सयुंक्त राष्ट्र का उस राष्ट्र की सरकार पर दबाव पड़ता है कि कोरोना से राहत और बचाव कार्य किए जाएं। और उस राष्ट्र की सत्ता कोरोना के रोग को ÷दिव्य स्वास्थ्य÷ घोषित कर देती है! इस नाम को सही ठहराने के लिए उस राष्ट्र की सत्ता कहती है कि ÷सोचो भला रोग से पीड़ितों को अपने लिए %रोगी% शब्द कैसा लगता होगा?÷ जो रोगी स्वयं इसका विरोध करता है, उसे झिड़का जाता है कि ÷तुम अपने आपको %बेचारा% साबित करना चाहते हो।÷

और जो इस ताने को नहीं मानता, उसे ÷बीमारी फैलने वाला÷ कह कर चिढ़ाया जाता है। *तो हमें इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?* हर संबोधन के लिए भाषा विज्ञान में शब्द होते हैं। ÷रोगी÷ यह शब्द ही चिकित्सा, औषध के ज़रूरतमंद की पहचान है; ÷दिव्य स्वास्थ्य÷ व्यक्ति को इसकी कोई आवश्यकता नहीं होगी। भाषा विज्ञान में किसी भी प्राणी, वस्तु, स्थल, गुण, दशा आदि के नाम निश्चित होते हैं जिसे ÷संज्ञा÷ (ठुश्वह्वठु) कहते हैं। यह मूल पहचान होती है।

## नैनो न्यूज

### मालनपुर पुलिस ने गायों के सींगो से लगाया रेडियम



**मालनपुर।** देशभक्ति और जन सेवा के साथ-साथ पुलिस अब गौ सेवा भी कर रही है मालनपुर थाना प्रभारी विनोद सिंह कुशवाह ने आए दिन वाहनों की चपेट मैं आकर मर रहे गोवंश को देखते चिंता जाहिर की उन्होंने समस्त थाना स्टाफ और क्षेत्र के समाजसेवियों को साथ लेकर थाना परिसर में गायों को इकट्ठा कर उनके सींगो से रेडियम चिपकाए ताकि हादसे कम हो बरसात के मौसम में कीचड़ और मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए गोवंश ज्यादातर सड़कों पर बैठ जाते हैं जिससे रात्रि में वाहनों की चपेट में आने से आए दिन गोवंश मर रहे थे थाना प्रभारी ने समस्त स्टाफ के साथ गोवंश के सींगो पर रेडियम चिपकाया।

### हर व्यापारी की आर्थिक मदद करेगा कैट

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा 3 दिवसीय मुद्रा लोन शिविर का शुभारम्भ करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कविता जैन ने कहा कि कैट का उद्देश्य छोटे व्यापारी, महिला उद्यमी और युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा लोन के माध्यम से हर महीने कैम्प लगाकर मदद करने का है और इसीलिए इस तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। श्रीमती कविता जैन, प्रतीक आईटी सेन्टर, राजीव प्लाजा जयेन्द्रगंज पर कैट द्वारा आयोजित मुद्रा लोन शिविर को संबोधित कर रही थीं। इससे पूर्व कैट की प्रदेश संयुक्त सचिव साधना शांडिल्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रीना गांधी, संयुक्त सचिव मयूर गर्ग, राघवेन्द्र सिंघल, आर.के. शर्मा, प्रिया दास आदि ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। आज के शिविर में जिन व्यापारियों ने मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया है उनके दस्तावेज तैयार कर बैंक को भेजे जायेंगे। 2 एवं 3 सितम्बर को भी दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मुद्रा लोन शिविर आयोजित किया जायेगा।

### सांप के काटने से युवक की मौत

**ग्वालियर।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित नाका क्षेत्र बनने के पास रहने वाले एक युवक की सांप के काटने से मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है । जानकारी के अनुसार नाका चंद्रबनी निवासी जनक सोनी को 29 अगस्त के दिन सांप ने काट लिया था। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जनक के पिता सुदामा सोनी को 15 अगस्त के दिन सांप ने काट दिया था उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### विधवा के साथ जीतने की छेड़छाड़

**ग्वालियर।** शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के गल्ला कोठार में रहने वाली एक विधवा महिला के साथ उसके जेठ ने छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के गल्ला कोठार निवासी 31 साल की महिला विधवा है। और सामाजिक संगठन की जिला अध्यक्ष है। बीते रोज वह अपने घर में बैठी थी तभी उसके चचिया ससुर का लड़का आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा ।महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकी दी। बाद में महिला थाने पहुंची और जेठ के खिलाफ मामला दर्ज कराया ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# टीकाकरण: कलेक्टर ने बैठक लेकर बनाई शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लिये अलग-अलग रणनीति

### प्रथम डोज के शत-प्रतिशत टीकाकरण वाला जिला बनेगा ग्वालियर

### अगले 10 दिन तक ग्वालियर जिले में चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला अगले दस दिन में शत-प्रतिशत पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगवाने वाला जिला बन जायेगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये नगर निगम, नगर पालिका व नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के लिये अलग-अलग रणनीति बनाई गई है। इस रणनीति के तहत अगले 10 दिनों तक जिले में विशेष टीकाकरण महाअभियान चलेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम देने के सिलसिले में जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों और टीकाकरण से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। अलगे 10 दिनों तक जिले में प्रतिदिन टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे। बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि अगले दस दिन में शतप्रतिशत टीकाकरण (प्रथम डोज) का लक्ष्य हासिल करने के लिये सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिले के इस विशेष टीकाकरण अभियान को कारगर ढंग से अंजाम देने के लिये जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि टीकाकरण के लिए गठित किए गए दलों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था भी करें। व्यवस्था ऐसी हो कि दिन के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर देर शाम तक भी टीके लगाए जा सकें।

शहर व गाँव के सभी अनुविभागों में यह अभियान संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में चलेगा। इस अभियान के दौरान प्रथम डोज के साथ-साथ द्वितीय डोज के टीके भी लगाए जायेंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी किशोर कान्याल, नगर निगम आयुक्त आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य सहित जिले के सभी एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास एवं टीकाकरण से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### घर-घर दस्तक देकर कहा जाएगा कृपया टीका लगवाईए

जिला प्रशासन की पहल पर ग्वालियर जिले में विशेष तौर पर आयोजित होने जा रहे दस दिवसीय अभियान के दौरान सरकारी दल घर-घर दस्तक देकर लोगों को टीके लगवायेंगे। लोगों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित करने के लिये विशेष मोबलाइजेशन टीमें बनाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। शहर और गाँव के हर घर के सभी पात्र सदस्यों का टीकाकरण करने के बाद टिक (सही) का निशान लगाया जाएगा। साथ ही यदि सभी सदस्यों के दोनों डोज के टीके लग चुके हैं तो क्रॉस का निशान प्रदर्शित किया जाएगा।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 4 लोगों ने की आत्महत्या

**ग्वालियर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 2 लोगों ने फांसी लगाकर और एक ने जहर खाकर तथा एक अन्य व्यक्ति मैं एसिड पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र के कैंसर पहाड़ी के पास स्थित दशहरा मैदान के गेट पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को कब्जे में लिया। मृतक तांगा चलाता था और पंजाब का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्वालियर थाना क्षेत्र के खिड़की मोहल्ला में रहने वाले रमेश सिंह कुशवाह 65 साल में आज सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह बीमारी से परेशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच

# जन समस्याओं को लेकर कॉग्रेस का धरना निगम मुख्यालय पर 9 सितंबर को




**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 9 सितंबर को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जन समस्याओं को लेकर निगम मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। यह निर्णय आज कांग्रेस पार्टी की आज जी.वाय.एम.सी क्लव में शहर कॉग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई बृहद बैठक में लिया गया। क्लब में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये विधायक डॉ सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र से गंदे पानी की सप्लाई की मरम्मत कार्य एवं योजना के तहत डाली गई पानी की लाइनों का मिलान नहीं होने तथा सीवर समस्या और जगह-जगह लगे कचरे के ढेर सड़कों की बदहाली से राहगीरों को हो रही परेशानी इसके अलावा एलईडी लाइट घटिया स्तर की लगाए जाने से अंधेरा व्याप्त है। उन्होंने कहा की जनता पर गार्बेज शुल्क लगा दिया गया है जिसे वापस लिया जाये। धरने में कांग्रेस के जिला, ब्लाक, बार्ड, प्रकोष्ठ, सेवा दल, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। डॉ. सिकरवार ने कहा कि फुलवाग चौपाटी पर नवनिर्मित दुकानो के आवंटन में बडे स्तर पर धांधली की गई है जिसकी हम जॉच की मांग करते है और अगर निष्पक्ष जॉच नहीं की गई तो कॉग्रेस पार्टी कोर्ट में जायेगी। उन्होने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को साथ लेकर धरना स्थल पर पहुंचें। उन्होने कहा कि जव तक म.प्र. में कमलनाथ के नेतृत्व में कॉग्रेस की सरकार नहीं वन जाती तव तक कॉग्रेस कार्यकर्ता चेन से नहीं वेठेंगे और आम जनता की समस्याओं के निराकरण कराने के लिये विधानसभा से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रहेगा। विधायक डा. सिकरवार ने कहा कि में मेरी कोषिष रहती है कार्यकर्ताओं को पुरा सम्मान मिले और में आप सव को आष्वस्त करता हू कि जव तक मेरे शरीर में प्राण हैं तव तक पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करता रहुंगा। इस मौके पर शहर कॉग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि जनता को वुनियादी सुविधायें मिले।

# मंगल नर्सिंग होम स्टाफ ने हिन्दू महासभा से की क्षमा याचना

### सार्वजनिक क्षमा याचना के बाद हिन्दू महासभा का 2 सितंबर से प्रांत व्यापी आन्दोलन स्थगित



**ग्वालियर ।** मंगल नर्सिंग होम ग्वालियर में 14 जुलाई को नर्सिंग होम में भर्ती किए गए श्रीमती स्मिता लालजी शर्मा के शिशु की मौत 37 दिनों तक नर्सिंग होम में रहने के बाद 19 अगस्त को मृत्यु हो गई थी, जिसको लेकर परिजनों के साथ अखिल भारत हिन्दू महासभा व शहर वासियों में आक्रोश व्याप्त है डॉ दीपक अग्रवाल व मंगल नर्सिंग होम स्टाफ पहले तो खुद को निर्दोष बताते हुए शासन प्रशासन मीडिया आईएमए चिकत्सा जगत व शहर वासियों को गुमराह करते रहे। हिन्दू महासभा ने 2 सितंबर से मध्यप्रदेश भर में प्रांत व्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी परन्तु एक दिन पूर्व आज शाम छः बजे डॉ दीपक अग्रवाल व मंगल नर्सिंग होम के समस्त स्टाफ ने हिन्दू महासभा पदाधिकारियों की उपस्थिति में इस घटना के लिए परिजनों के साथ साथ हिन्दू महासभा से क्षमा याचना की है।

इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी व प्रदेश प्रवक्ता हरिदास अग्रवाल ने कहा कि हम सनातन धर्म को मानने वाले लोग हैं बड़े से बड़े अपराध को भी क्षमा करने की शक्ति रखते हैं।ऐसी घटना से सम्पूर्ण चिकित्सा जगत कलंकित होता है।हिन्दू महासभा क्षमा करते हुए 2 सितंबर के प्रान्त व्यापी आन्दोलन को स्थगित करती है। इस मौके पर डॉ दीपक अग्रवाल के साथ मंगल नर्सिंग होम का समस्त स्टाफ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ग्वालियर के वरिष्ठ डॉ पी. जाजू, नर्सिंग होम एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ नीरज कौल हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी, प्रदेश उपाधयक्ष राम बाबू सेन ,प्रदेश प्रवक्ता हरिदास अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष पवन गुप्ता संभागीय महामंत्री मनोज जाटव संभागीय संगठन मंत्री मुकेश बघेल, विनीत श्रीवास्तव मोहन सिंह बघेले,लोकेश शर्मा, बंटी गुर्जर सचिन झा आनंद महौर सुरेन्द्र जाटव ,किशोर माहौर आदि उपस्थित थे।

# चिड़ियाघर में बाघों का कुनबा बढ़ा, सफेद बाघिन मीरा ने दो बच्चों को जन्म दिया



**ग्वालियर।** गांधी प्राणी उद्यान (चिड़िया घर) में सफेद बाघिन मीरा ने दो बच्चों को जन्म दिया है जिसमें से एक शावक सफेद और दूसरा पीला धारीदार है ।मादा मीरा और नर लव के माध्यम से जन्में दोनों शावक फ़िलहाल ठीक है। इससे पहले 2018 में मादा टाइगर मीरा ने तीन शावकों को जन्म दिया था, जिससे एक सफेद व दो पीले शावक थे, इस तरह ग्वालियर चिड़ियाघर में बाघों का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है जो वन्यप्राणियो को चाहने वालों के लिये एक अच्छी खबर हैं। सफेद बाघिन मीरा ग्वालियर चिड़ियाघर में दूसरी बार फिर से मां बनी है इससे पहले 2018 में इसने तीन शावकों जो जन्म दिया था उसके बाद बीती रात उंसने दो शावकों को जन्म दिया है वर्तमान में मादा मीरा एवं उसका एक पीला शावक स्वस्थ्य हैं, परंतु दूसरा नवजात सफेद शावक कुछ अस्वस्थ सा लग रहा है, जिसकी गर्दन जन्मजात असमान्य है, जिसके लिए नगर निगम प्रशासन उपचार के लिये प्रयत्नशील है और देश के वरिष्ठ पशु चिकित्सकों का मार्गदर्शन प्राप्त किया जा रहा है। चिड़ियाघर के चिकित्सकों के अनुसार अभी मादा मीरा को भोजन के रूप में हल्का खाना जैसे चिकन सूप, दूध, उबले हुए अंडे दिए जा रहे हैं। चिड़ियाघर में वर्ष 2010 में नई दिल्ली के नेशनल ज्यूलॉजीकल पार्क से व्हाईट फीमेल टाइगर जमुना ग्वालियर लाई गई थी उसके बाद से ही संरक्षित वन्यजीव बाघ के कुनबे में लगातार इजाफा होता जा रहा है। निगमायुक्त ने चिड़िया घर प्रभारी को निर्देशित किया है कि शिशु शावकों के स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही उन्हें तीस से चालीस दिन तक आइसोलेशन में रखा जाए। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के समस्त प्रोटोकॉल का पालन किया जाए।

# इंसीडेन्ट कमान्डर ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित



**ग्वालियर।** नगर निगम क्षेत्रीय कार्यालय 13 मोतीमहल पर किया गया सम्मान समारोह का आयोजन ग्वालियर। कोरोना महामारी के समय लगातार अपनी जान जोखिम में डालकर के जिन कर्मचारियों ने कोरोना योद्धाओं के तौर पर कार्य किया उन योद्धाओं द्वारा दिये गये योगदान के स्वरूप नगर निगम ग्वालियर व जिला कलेक्टर कार्यालय के सहयोग से सम्मान समारोह का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय क्र.13 मोतीमहल पर किया गया। जिसमें मुख्यअतिथियों में प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी विकाश जोशी, नगर निगम अधिकारी महेन्द्र अग्रवाल, भवन अधिकारी पवन शर्मा, प्रभारी क्षेत्राधिकारी अनिल श्रीवास्तव, सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी रमेश शर्मा रहे। देश में अचानक से आई महामारी कोविड-19 को रोकने के लिये प्रशासन की तरफ से अनेक कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी, जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुये घर-घर जाकर के कोविड-19 को रोकने के लिये समस्त प्रकार के प्रयास किये। सम्मान समारोह के मौके पर इंसीडेन्ट कमान्डर जोशी के द्वारा कोविड-19 के समय क्षेत्रीय कार्यालय पर वोलिन्टर के रूप में लगातार पूरे समय कार्य करने वाले समाजसेवी संजीव रजक को विशेष रूप से उनके सहयोग की सराहना करते हुये उनको शील, प्रमाणपत्र देकर के सम्मानित किया गया तथा उनके जोश के प्रभावित होकर के सभी अधिकारियों ने प्रशंसा करते हुये कहा, कि ऐसे युवा अगर देश में है तो हम बड़ी से बड़ी स्थिति से निपटने के लिये तैयार हैं। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से सम्मानित व्यक्तियों में वार्ड हेल्थ ऑफीसर 59 प्रशान्त सोनपत, व स्टॉफ नर्स मीना कुशवाह के विशेष सहयोग के लिये सम्मानित किया तथा साथ ही, जनमित्र लिपिक अब्धेश राजपूत, ऑपरेटर शुभम जाटव, ऑपरेटर अजय शर्मा, डब्ल्यूएचओ वार्ड 57, 58, सहायक सलमान खान, सफाई अधिकारी रामू, नगर निगम क्षेत्र 13 के समस्त टीसी, समस्त सहायक, क्षेत्र पर उपस्थित सफाई संरक्षको व समस्त सहयोगी कर्मचारियों को इंसीडेन्ट कमान्डर ने सम्मानित किया। क्षेत्राधिकारी अनिल श्रीवास्तव के द्वारा समस्त कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुये कहा गया, कि समस्त कर्मचारियों के द्वारा जिस तरह से दिन-रात डटकर के कार्य किया गया।

# गृहमंत्री के गृहनगर में पुलिस की पिटाई: जुआ खेल रहे लोगों ने खुद को राजनीतिक पार्टियों का प्रतिनिधि बताकर वर्दी उतरवाने की दी धमकी

**ग्वालियर।** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के गढ़ और गृह नगर डबरा में आधी रात पुलिस अफसरों और जवानों पर जुआ खेल रहे लोगों ने हमला कर दिया। संधू होटल के बाहर परिसर में जुआ का फड़ जमा था। जब गश्त पर निकले दरोगा ने सवाल जवाब किए तो जुआरियों और होटल संचालक ने खुद को राजनीतिक पार्टियों का प्रतिनिधि बताकर हड़काने का प्रयास किया। वर्दी उतरवाने की धमकी दी। पुलिस नहीं मानी और जुआ फड़ पर रेड मारकर सामान जब्त करने लगी तो जुआरियों ने दरोगा को पीट दिया और सामान उठाकर भाग गए। घटना डबरा सिटी में संधू होटल की है। हमलावरों में होटल मालिक सहित 7 से 8 पर पुलिस ने हमला करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है।

### यह है पूरी घटना

डबरा सिटी थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह लोधी की मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात गश्त थी। रात 12.30 बजे वह गश्त करते हुए शासकीय वाहन से चालक हरीसिंह को साथ लेकर गश्त पर निकले थे। पॉइंट चेक करते हुए वह सराफा बाजार पहुंचे। यहां पॉइंट पर पुलिस जवान ड्यूटी करते हुए नजर आए। यहां से स्थ




भगवान सिंह को साथ लिया। इसके बाद गश्त करते हुए संधू होटल पर पहुंचे। यहां होटल के बाहर परिसर में खटिया पर लोग जुआ खेलते हुए नजर आए।

जब पुलिस ने होटल मालिक गोल्डी सरदार से जुआ खिलाने का लाइसेंस होने की बात पूछी तो वहां जुआ खेल रहे लोगों ने दरोगा को धमकी देना शुरू कर दिया। सभी ने खुद को अलग-अलग पार्टियों का प्रतिनिधि बताते हुए वर्दी उतरवाने तक की धमकी दी। लेकिन दरोगा ने एक नहीं सुनी और छापा मारकर सामान जब्त करने लगे। होटल मालिक सहित अन्य 7 से 8 लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। दरोगा देवेन्द्र लोधी से मारपीट कर दी। इसके बाद पुलिस को वहां से हटना पड़ा। जब तक हमलावर और होटल मालिक वहां से भाग गए। जब थाने सूचना दी और फोर्स पहुंचा तो जुए के अड्डे पर कुछ नहीं मिला। मारपीट में दरोगा ने हाथ पैर व छाती पर चोट आने की बात कही है।

### इन पर हुई एफआईआर

मामले में डबरा सिटी थाने में दरोगा देवेन्द्र लोधी की शिकायत पर पुलिस ने संधू होटल के मालिक गोल्डी सरदार, जीतू साहू, कल्लू परिहार, देवेश व 2 से 3 अज्ञात युवकों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी, बलवा और शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज किया है। अभी कोई भी आरोपी नहीं पकड़ा गया है।

### दरोगा ने मोबाइल में रिकॉर्डिंग की तभी किया हमला

जब पुलिस संधू होटल के बाहर पहुंची तो जुआ चलता मिला। पुलिस ने पहले सवाल जवाब किए तो जुआरियों और होटल मालिक ने हड़काने का प्रयास किया। जब पुलिस नहीं मानी और सब इंस्पेक्टर ने अपने मोबाइल से सभी की रिकॉर्डिंग करना शुरू की तो वह आक्रोशित हो गए और हमला कर दिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478